भाद्र मास, कृष्ण पक्ष 20 वर्ष, अंक 260 पृष्ठ 8 मूल्य 1.00

# अखंड भारत संदेश

प्रयागराज से प्रकाशित

www.akhandbharatsandesh.net

नगर संस्करण प्रयागराज मंगलवार 14 सितम्बर 2021

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

क्रियायोग संदेश

स्थायी सुख, शान्ति व निर्भय वातावरण के लिए "क्रियायोग अभ्यास करें" सत्य की अनुभूति में सभी प्रकार के क्लेश हमेशा के लिए दूर हो जाते हैं। अध्यात्मिक वैज्ञानिकों ने सिद्ध कर दिया है कि क्रियायोग के द्वारा हम सत्य से जुड़ जाते हैं। ज्ञान, शक्ति, शान्ति, आनन्द, नाम-यश, धन आदि के लिए मनुष्य को दर-दर भटकना पड़ता है, और प्राप्त न होने पर मनुष्य में हिंसक प्रवृत्ति प्रकट होती है। क्रियायोग में भक्ति दृढ़ होने पर ज्ञान, शक्ति, शान्ति,आनन्द, धन आदि सब कुछ स्वयं मनुष्य के पास आ जाते हैं।

क्रियायोग प्राचीनतम् एवं नित्य नवीन पूर्ण विज्ञान है। ईश्वरीय नियमों के अनुसार कलिकाल में क्रियायोग का ज्ञान विलुप्त हो गया। आरोही द्वापर युग के आते ही मृत्युंजय अमर गुरु श्री महावतार बाबा जी द्वारा क्रियायोग को पुनर्जीवित कर पुनः परिष्कृत किया गया। उन्नीसवीं शताब्दी में महावतार बाबाजी ने क्रियायोग को लाहिड़ी महाशय जी के माध्यम से मानवजाति को दिया। क्रियायोग ही सनातन धर्म में वर्णित यज्ञ है। क्रियायोग ही वेदपाठ है। क्रियायोग अभ्यास से मनुष्य को अपने वास्तविक स्वरूप "अहंब्रह्मास्मि" की अनुभूति एक ही जन्म में सम्भव है।

स्वामी श्री योगी सत्यम्

क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान प्रयागराज

10 मिनट का अभ्यास 20 वर्ष का विकास

## भारत के गगनयान मिशन में सहयोग करेगा ऑस्ट्रेलिया, कोकोस कीलिंग द्वीप से रखेगा नजर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया की अंतरिक्ष एजेंसी के उप प्रमुख एंथनी मर्फेट ने सोमवार को कहा कि ऑस्ट्रेलिया भारत के गगनयान मिशन में कोकोस कीलिंग द्वीप से निगरानी करने में सहयोग करेगा। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष सम्मेलन में मर्फेट ने कहा कि दोनों देशों के बीच अंतरिक्ष सहयोग बढ़ रहा है और भारत तथा ऑस्ट्रेलिया की अंतरिक्ष एजेंसियों ने हाल में अपने समझौता ज्ञापन को अद्यतन किया है। उन्होंने कहा, ''हम ऑस्ट्रेलिया के क्षेत्र कोकोस कीलिंग द्वीप के जरिए निगरानी करके गगनयान मिशन में सहयोग करेंगे। इस साल की शुरुआत में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के प्रमुख के. सिवन ने कहा था कि इसरो ऑस्ट्रेलिया की अंतरिक्ष एजेंसी के साथ गगनयान मिशन के लिए कोकोस कीलिंग द्वीप समूह में एक 'ग्राउंड स्टेशन बनाने के लिए भी बातचीत कर रहा है।कक्षा में उपग्रह अपनी जानकारी को पृथ्वी पर स्थित स्टेशन तक नहीं पहुंचा सकते हैं यदि उनके पास जमीनी स्टेशन का स्पष्ट दृश्य नहीं हो। उपग्रह की सूचनाओं को डेटा रिले उपग्रह प्रसारित करने का कार्य करता है। 'ब्लाइंड स्पॉट के कारण कई बार सिग्नल नहीं पहुंचते हैं। कोकोस कीलिंग द्वीप से डेटा रिले उपग्रह की निगरानी से इन मुद्दों के समाधान में मदद मिलेगी। गगनयान भारत का महत्वाकांक्षी अंतरिक्ष मिशन है जिसका उद्देश्य तीन भारतीयों को पृथ्वी की निचली कक्षा (लीओ) में ले जाना है।



# विपक्ष के पास न नीति है और न नियत, जनता दिल से भाजपा के साथ : सीएम योगी

**लखनऊ (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि वर्ष 2022 के चुनाव में पार्टी प्रवक्ताओं और मीडिया प्रभारियों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने जीत का मंत्र दिया। कहा सरकार के कामों का अध्ययन करिए। मुखर होइए। अपनी बात प्रभावी ढंग से कहिए। उसे बार-बार कहने की आदत डालिए। सिर्फ प्रधानमंत्री मोदीजी के नेतृत्व में केंद्र और राज्य सरकार द्वारा किए गए काम जनता तक पहुंचा दिए तो आपके सामने कोई टिकने वाला नहीं है। विपक्ष के पास न नीति है और न नियत। जनता दिल से भाजपा के साथ है। ये बातें मुख्यमंत्री ने भाजपा प्रदेश मुख्यालय में पार्टी की मीडिया कार्यशाला में कहीं। सभी जिलों व क्षेत्र के मीडिया प्रभारियों और सह मीडिया प्रभारियों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार में 20 से 24 घंटे बिजली मिल रही है। सड़कों और एक्सप्रेस-वे का जाल बिछा है। महिलाएं सुरक्षित महसूस करती हैं। अपराधी खुद गले में तख्ती लटकाकर थाने पहुंच जाते हैं। कोरोना प्रबंधन के मामले में बहुत काम किए गए। आम आदमी पार्टी और दिल्ली सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि उन्हें झूठे आरोप लगाने की आदत है। विरोधी केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का झूठा श्रेय लेने का प्रयास करेंगे, तब आपको सही बात पुरजोर ढंग से लोगों तक पहुंचानी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम लोगों



ने कुशीनगर से एक नए अभियान की शुरुआत की है। जो सीटें जीतने में हम 2017 में सफल नहीं हो पाए थे, इस बार उन पर सफलता हासिल करने की योजना पर काम शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता ने 2014, 2017 और 2019 में भाजपा का पूरा साथ दिया। 2019 में तो प्रदेश में बने एक बड़े गठबंधन को भी पूरी तरह नकार दिया।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्रदेव सिंह ने कहा कि ईमानदार नेतृत्व केवल भाजपा के पास है। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री दोनों ही गरीबों की चिंता करते हैं। हमारे नेताओं की सेवा, तप और तपस्या दिखती है। आपके आचरण में राष्ट्रवाद दिखना चाहिए। उन्होंने सभी मीडिया प्रभारियों का आह्वान किया कि सरकार के कामों के साथ ही सपा, बसपा और कांग्रेस की सच्चाई भी जनता तक पहुंचाएं। प्रदेश महामंत्री संगठन सुनील बंसल ने कहा कि मीडिया प्रभारियों के जिम्मे पर बेहद महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। सरकार के काम और पार्टी के विचार को मजबूती के साथ जनता तक पहुंचाना है।मीडिया कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के मंत्र पर काम कर रही है। बिना भेदभाव के हर जाति-धर्म के लोगों का विकास हो रहा है। मोदीजी ने धारा-370 खत्म की और अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण हो रहा है। उन्होंने कहा कि यूपी की जनता कमल के फूल के साथ है। 2022 के चुनाव में भाजपा की जीत पक्की है। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा, राष्ट्रीय सह मीडिया प्रभारी संजय मयूख, प्रवक्ता और राज्यसभा सांसद जफर इस्लाम ने मीडिया प्रबंधन के गुर सिखाए। कहा कि राममंदिर, ट्रिपल तलाक, सर्जिकल स्ट्राइक, महिला सुरक्षा, कानून व्यवस्था, किसान सम्मान निधि जैसे विषयों पर आंकड़ों के साथ जनता के बीच अपनी बात रखें। विपक्ष के नेताओं की हकीकत भी बताएं।

## बदलाव से बढ़ रही है बीजेपी के वरिष्ठ नेताओं में असहजता, असंतोष कम करने के लिए आरएसएस से उम्मीद

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भाजपा नेतृत्व द्वारा विभिन्न राज्यों में किए जा रहे बड़े बदलावों से पार्टी का एक वर्ग असहज है। खासकर सत्ता वाले राज्यों में नेतृत्व परिवर्तन में पार्टी ने जिस तरह से नए चेहरों को तरजीह दी है, वह पार्टी के तमाम वरिष्ठ नेताओं को रास नहीं आ रही है। हालांकि अनुशासन के चलते वह फैसले के समर्थन में खड़े हैं, लेकिन उनकी अंदरूनी नाराजगी चुनावों के समय असर दिखा सकती है। भाजपा नेतृत्व ने हाल में उत्तराखंड, कर्नाटक व गुजरात में मुख्यमंत्री बदले हैं। अभी कुछ और बदलाव की संभावना है। ऐसे में पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं को लगने लगा है कि उनके आगे बढ़ने



में उनकी वरिष्ठता ही आड़े आने लगी है। बदलाव की स्थिति में उनके बजाए उनके कनिष्ठ को ही आगे बढ़ाया जाएगा। उत्तराखंड में तीरथ सिंह रावत को हटाए जाने के समय पार्टी में कई वरिष्ठ नेताओं की उम्मीद थी कि उनमें से ही किसी को नेतृत्व के लिए चुना जाएगा, लेकिन पार्टी ने दूसरी बार के विधायक पुष्कर सिंह धामी का फैसला किया।

कर्नाटक में भी येद्दुरप्पा के उत्तराधिकारी के रूप में कई वरिष्ठ नेता खुद के लिए संभावनाएं देख रहे थे। हालांकि पार्टी ने एक वरिष्ठ नेता पर ही दांव लगाया, लेकिन संघ से जुड़े नेताओं को यह बात अखर गई। नए नेता समाजवादी पृष्ठभूमि से हैं और संघ से कोई नाता नहीं रहा है। अब गुजरात में विजय रूपाणी की जगह चुने गए भूपेंद्र पटेल को लेकर भी राज्य के पार्टी के कई वरिष्ठ नेता असहज हैं। यह अंदाजा सभी को था कि इस बार रणनीति के तहत पाटीदार समुदाय से नेता चुना जाएगा। इसलिए पाटीदार समुदाय से आने वाले कई प्रमुख नेताओं के नाम चर्चा में रहे, लेकिन पहली बार विधायक बने भूपेंद्र पटेल को नेता चुना गया।

## हिरासत में लिए गए सेना के जवान, पाकिस्तानी जासूस से शेयर करने वाले थे गोपनीय जानकारी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तानी जासूस से संपर्क होने के शक में एक सेना के कुछ जवानों को कस्टडी में लिया गया है। समाचार एजेंसी एएनआई ने इसकी जानकारी दी है। इसके मुताबिक इन जवानों को आगरा से हिरासत में लिया गया है। एक पाकिस्तानी जासूस इन जवानों से सेना की गोपनीय जानकारी लेने के लिए संपर्क में था। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि आगरा स्थित एक सैन्य ठिकाने से कुछ जवान अनाधिकारिक संवाद कर रहे थे। पता चला कि यह लोग किसी पाकिस्तानी जासूस के संपर्क में थे। लेकिन खुफिया एजेंसियों की सतर्कता के चलते इनके कारनामे



का खुलासा हो गया। सूत्रों के मुताबिक इससे पहले कि यह कुछ बड़ा कर पाते इन्हें कस्टडी में ले लिया गया। अब पूरे मामले की छानबीन के बाद इन जवानों के ऊपर जरूरी कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि पिछले कुछ साल में ऐसे कई मामले सामने आ चुके हैं। इसके तहत जासूस अलग-अलग माध्यमों से सेना के जवानों से संपर्क साधने की कोशिश करते हैं।

## राहुल गांधी ने हिंदू-मुस्लिम के मुद्दे पर सरकार को घेरा, कहा- बस मित्रों के हो

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर सियासत तेज हो गई है। राजनीतिक पार्टियां एक दूसरे पर निशाना साधने का कोई मौका नहीं छोड़ रही हैं। इस कड़ी में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने हिंदू-मुसलिम के मुद्दे पर प्रदेश और केंद्र सरकार को घेरा है। राहुल गांधी ने किसी पार्टी या नेता का नाम लिए बगैर ट्वीट कर कहा, आप समाज के किसी वर्ग के नहीं हो, बस मित्रों के हो। इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को सपा पर हमला बोला था। समाजवादी पार्टी का नाम लिए बगैर उन्होंने आरोप लगाया था कि अब्बाजान कहने वाले गरीबों की नौकरी पर डाका डालते थे। राशन हजम कर जाते थे, राशन नेपाल और बांग्लादेश पहुंच जाता था। इससे पहले कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा था कि देश के युवाओं के पास रोजगार है तो वहां विकास का मतलब होता है लेकिन यदि युवा बेरोजगार घूम रहे हैं और रोजी-रोटी को तरस रहे हैं तो ऐसी विकास का कोई अर्थ नहीं होता है। कांग्रेस नेता ने कहा कि मोदी सरकार युवाओं को रोजगार देने में विफल रही है और उसकी गलत नीतियों का खामियाजा करोड़ों युवाओं को भुगतना पड़ रहा है। राहुल गांधी ने ट्वीट किया , भाजपा सरकार का 'विकास' ऐसा कि रविवार-सोमवार का फर्क ही खत्म कर दियाज्नौकरी ही नहीं है तो क्या संडे, क्या मंडे।

## हाथ में श्रीमद्भगवद्गीता रखकर भूपेंद्र पटेल ने ली शपथ, नई टीम पर सबकी निगाहें

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** भूपेंद्र पटेल ने सोमवार को हाथ में श्रीमद् भगवद् गीता रखकर गुजरात के 17वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल राजभवन में शपथ लेने के बाद सीधे स्वर्णिम संकुल-एक पहुंचे। यहां उन्होंने अपने कार्यालय में पदभार ग्रहण करने से पहले दादा भगवान सीमंधर स्वामी की प्रतिमा को पुष्प अर्पित किए तथा दादा भगवान के अनुयायियों व परिजनों के साथ स्तुतिगान व पाठ किए। भूपेंद्र भाई दादा भगवान फाउंडेशन से जुड़े हैं तथा पाटीदारों की संस्था विश्व उमिया फाउंडेशन व सरदार धाम में ट्रस्टी भी हैं। रविवार को भी भूपेंद्र पटेल राजभवन में सरकार बनाने का प्रस्ताव पेश करने के बाद सीधे गुजरात की अध्यात्मिक संस्था दादा भगवान फाउंडेशन पहुंचे थे। यहां उन्होंने दादा भगवान की प्रतिमा



के समक्ष नतमस्तक हुए तथा नीरू मां के उत्तराधिकारी पूज्य दीपक भाई का आशीर्वाद लिया। भूपेंद्र भाई वर्षों से इस अध्यात्मिक संस्था से जुड़े हैं। देश व दुनिया में इसके कई सत्संग केंद्र हैं। गुजरात में सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक समारोह के साथ जरूरतमंदों के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य व आवास सुविधाएं भी उपलब्ध कराते हैं।

## भूपेंद्र पटेल के कारण गुजरात बीजेपी में बढ़ेगी कलह कांग्रेस को दिख रही उम्मीद

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** गुजरात में नेतृत्व परिवर्तन कर भारतीय जनता पार्टी (ँव्झ्) ने अपने इरादे साफ कर दिए हैं। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल की अगुआई में भाजपा गुजरात में अपनी सत्ता बरकरार रखना चाहती है। पर भाजपा के इस बदलाव से कांग्रेस को उम्मीद दिख रही है। हालांकि, पिछले चार सालों में पार्टी संगठन को मजबूत करने में विफल रही है। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि भूपेंद्र पटेल की ताजपोशी के बाद रणनीति में बदलाव जरूरी है, पर एक सकारात्मक संकेत भी है। विजय रूपाणी को हटाने से यह साफ हो गया है कि भाजपा जीत को लेकर पूरी तरह आश्वस्त नहीं है। उसे डर है कि वह 2022 के चुनाव में



सत्ता गंवा सकती है। भूपेंद्र पटेल की वजह से भाजपा में अंदरुनी कलह भी बढ़ सकती है और चुनाव में पार्टी इसका लाभ ले सकती है। चुनाव में अभी वक्त है और कांग्रेस के पास अभी अच्छे से तैयार करने का मौका भी है।

दरअसल, 2017 में कांग्रेस काफी हद तक भाजपा को घेरने में सफल रही थी। पार्टी ने 77 सीट हासिल की, वहीं भाजपा 99 पर रुक गई। पर कांग्रेस इस बढ़त को ज्यादा दिन तक बरकरार रखने में विफल रही और लोकसभा में सभी सीट भाजपा से हार गई। विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के प्रदर्शन में राहुल गांधी की सभी अहम वर्गों तक पहुंचने की कोशिश के साथ तीन युवाओं की तिकड़ी ने अहम भूमिका निभाई थी। इनमें पाटीदार अमानत आंदोलन के नेता हार्दिक पटेल, अल्पेश ठाकोर और जिग्नेश मेवाणी शामिल थे। ठाकोर बाद में भाजपा में चले गए। आंदोलन खत्म होने के बाद हार्दिक कांग्रेस में आ गए और उन्हें कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया। पर वह पाटीदार समुदाय में अपना दबदबा बनाए रखने में बहुत सफल नहीं रहे। वह वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस में शामिल हुए थे। पर पार्टी पाटीदारों के असर वाली सीट भी नहीं जीत पाई।

## और बढ़ी आजम खां व बेटे अब्दुल्ला की परेशानी

**रामपुर (एजेंसी)।** आजम खां और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम की परेशानी और बढ़ गई है। अब कोर्ट ने पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां की कम्पलेंट केस एप्लिकेशन पर आदेश जारी किया है। पैन कार्ड से संबंधित जानकारी नामांकन पत्र के शपथ पत्र में गलत दिए जाने के मामले में कोर्ट के समक्ष सबूत उपलब्ध कराए जा सकेंगे और गवाही भी दी जा सकेगी।



इसकी सुनवाई भी पूर्व से कोर्ट में चल रही एफआईआर आकाश सक्सेना के साथ चलेगी। अधिवक्ता संदीप सक्सेना ने बताया कि नवेद मियां ने अब्दुल्ला आजम और आजम खान के खिलाफ एक कंप्लेंट केस 2018 फाइल किया था, जिसमें नवेद मियां ने कोर्ट में शिकायत की थी की अब्दुल्ला आजम खान ने अपने नॉमिनेशन फॉर्म के साथ जो हलफनामा लगाया है, वह झूठे कथनों और साक्ष्य पर आधारित है। उस समय समाजवादी पार्टी की सरकार थी और आजम खान कैबिनेट मंत्री थे। किसी ने इसका विरोध नहीं किया। नामांकन फार्म में जिस पैन कार्ड का जिक्र है वह अब्दुल्ला आजम की पास बुक में लिखे पैन कार्ड से अलग है। पास बुक में दूसरे पैन कार्ड का जिक्र है। इस मामले में नवेद मियां के और गवाह के बयान हो गए थे। कोर्ट ने 10 सितंबर को आदेश दिया की इसी पैन कार्ड से संबंधित एक एफआईआर 980/2019 भी दर्ज है और उसमें गवाहियां चल रही है और कोर्ट में त्वरित कार्यवाही हो रही है। दोनों मामले एक ही हैं। दोनों मामलों में यही दोनों लोग मुलजिम भी हैं।

## नहीं रहे पूर्व केंद्रीय मंत्री ऑस्कर फर्नांडीज, दिमाग में चोट के चलते दो महीने से थे अस्पताल में भर्ती

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और राज्यसभा सदस्य, वरिष्ठ कांग्रेस नेता ऑस्कर फर्नांडीज का सोमवार को लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। 80 वर्षीय ऑस्कर फर्नांडीज का पिछले दो महीने से मंगलुरू के येनोपोया अस्पताल में इलाज चल रहा था। 18 जुलाई को वह घरेलू कामकाज करते हुए चोटिल हुए थे। इसके चलते उन्हें सिर में



अंदरूनी चोटें आई थीं। 19 जुलाई को उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां 27 जुलाई को ब्रेन सर्जरी के बाद खून के थक्के हटाए गए थे। इसके बाद से उनकी लगातार डायलिसिस चल रही थी। कांग्रेस ने उनकी मौत पर शोक जताते हुए ट्वीट किया। मूल रूप से उडुपी के रहने वाले ऑस्कर फर्नांडीज 1980 में पहली बार एमपी बने थे। यूपीए सरकार में केंद्रीय मंत्री रहने के दौरान सड़क, यातायात और हाईवे, श्रम और रोजगार, सांख्यिकी और प्रोग्राम इंप्लीमेंटेशन और विदेश मामलों के कैबिनेट और राज्य मंत्री थे।

## खबर संक्षेप



### विशाल संकल्प संस्था के बच्चों ने मिट्टी के गणपति बनाकर संग्रहालय के निदेशक को किया भेंट

**प्रयागराज।** विशाल संकल्प संस्था ने वोट क्लब के स्लम बच्चों के साथ ईको फ्रेंडली मिट्टी के गणपति बनाये। तो था मूर्ति में बीज भी डाले, जिससे इनका नदी में नही गमले में विसर्जन करके एक हरा पौधा पाए व पर्यावरण का संरक्षण करें।डॉ अंजलि केसरी ने बताया कि बच्चों के सवार्गीण विकास के लिये पढ़ाई के साथ2 हुनर भी सीखना जरूरी है।विगत कई वर्षों से,इन बच्चों को मूर्ति बनाना सिखाया जा रहा है। इस बार इन बच्चों ने मूर्ति बनाकर इलाहाबाद संग्रहालय के निदेशक डॉ सुनील गुप्ता जी को भेंट किया।बच्चों की प्रतिभा से निदेशक बहुत प्रभावित हुये और भविष्य में इन बच्चों को संग्रहालय में और बेहतर शिक्षा देने के लिये कहा। साथ ही संजू मिश्रा,आशीष प्रजापति भी उपस्थित रहे।

### रोजगार के अवसर हेतु जॉब फेयर 2021का आयोजन आज

**करछना।** प्रयाग इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट बेंदो करछना प्रयागराज द्वारा अपने परिसर में बीटेक एवं डिप्लोमा के छात्रों हेतु जॉब फेयर -2021 का आयोजन किया जा रहा है। जॉब फेयर में केपी रिलायबल टेक्नीक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, सेज मेटल प्राइवेट लिमिटेड एवं ओरजा टेक्निकल सर्विस प्राइवेट लिमिटेड कंपनियों के द्वारा लगभग 70-80 छात्रों का चयन किया जाएगा। संस्थान के ट्रेनिंग प्लेसमेंट ऑफिसर श्री राकेश सिंह एवं सुप्रिया श्रीवास्तव द्वारा बताया गया कि जॉब फेयर में भाग लेने हेतु हंससवाहिनी इंस्टीट्यूट, राजकीय महिला पॉलीटेक्निक मेजा, एचएमएफए इंस्टीट्यूट, लाल बहादुर पॉलीटेक्निक एवं शिवाजी इंस्टीट्यूट के प्रधानाचार्यों के माध्यम से इन संस्थान के छात्रों को भी आमंत्रित किया गया है।

# पत्नी की हत्या में नामजद पति को पुलिस ने किया गिरफ्तार



पत्नी की हत्या में नामजद पति परदेश भागने की फिराक में था पुलिस ने धर दबोचा

अखंड भारत संदेश

**हत्यारोपी पति परदेश भागने के फिराक में था, पुलिस ने दबोचा**

**प्रयागराज।** थाना क्षेत्र के नचना गांव में शनिवार रात शराब के नशे में पत्नी की पीट-पीटकर हत्या करने वाले आरोपी पति को पुलिस ने रविवार देर रात अकोढ़ा बाजार तिराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ लिखापढ़ी करते हुए सोमवार को उसे जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार उक्त गांव निवासी नीरज कुमार मिश्र उर्फ आनंद मिश्रा शनिवार रात शराब के नशे में घर पहुंचा तो उसका उसकी पत्नी नीलू से विवाद हो गया। इसके बाद नीरज ने नीलू की लाठी डंडे से बेरहमी से पिटाई कर दी थी। इसमें नीलू की मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी पति घर छोड़कर भाग गया था। अगले दिन सुबह मृतका की बेटी जागृति जब कमरे में पहुंची तो मां को मृत देखकर उसने परजिनों को इसकी जानकारी दी।सूचना पर मृतका के मायके वाले भी पहुंच गए। मृतक के भाई धनश्याम के पुत्र कुलदीप ने मामले में नीरज के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने रविवार रात आरोपी पति को अकोढ़ा बाजार तिराहे से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके पास से आला कत्ल भी बरामद किया है। आरोपी के खिलाफ लिखापढ़ी करते हुए पुलिस ने उसे जेल भेज दिया।

# यात्रा वृतांत 'रग रग में गंगा' के दूसरे सीजन की हुई शुरूआत

अखंड भारत संदेश

**राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन एनएमसीजी द्वारा गंगा की अविरलता व निर्मलता पर ध्यान केंद्रित करने हेतु राष्ट्रीय प्रसारक दूरदर्शन पर यात्रा वृतांत**

**प्रयागराज।** राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन एनएमसीजी द्वारा गंगा की अविरलता व निर्मलता पर ध्यान केंद्रित करने हेतु राष्ट्रीय प्रसारक दूरदर्शन अपने यात्रा वृतांत 'रग रग में गंगा' के दूसरे सीजन के शुरूआत की गयी है ' इस रचनात्मक शो में पवित्र नदी गंगा के आसपास के पौराणिक, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और सामाजिक-आर्थिक विवरणों को देखेने मिलेगा। 'रग रग में गंगा' सीजन 2 भी नदी के संरक्षण , ताल तालाब की आवश्यकता के बारे में, गंगा गांव के आसपास स्थानीय लोगो की जीवन शैली, उनका रहन-सहन , प्राकृतिक सौंदर्य , जैव विविधता आदि के बारे में जागरूकता फैलाने का प्रयास करेगा। यह जानकारी जिला परियोजना अधिकारी एषा सिंह ने दी ' उन्होंने बताया की यह नदी के परिदृश्य को प्रदर्शित करेगा और दर्शकों को नदी की वर्तमान पारिस्थितिक स्थिति के बारे में भी अवगत कराएगा।शो के सीजन 2 में 26 एपिसोड होंगे, और शो के एंकर अभिनेता राजीव खंडेलवाल होंगे। राग रग में गंगा सीजन 2 इस शनिवार, यानी 21 अगस्त को डीडी नेशनल पर प्रसारित हो चुका है और हर शनिवार और रविवार को रात 8:30 बजे प्रसारित होगा । इस क्रम में जिला प्रयागराज पर दशार्या एपिसोड 16 रग रग में गंगा 10 अक्टूबर को प्रसारित होगा ' डीपीओ ने सभी से इस कार्यक्रम को देखने हेतु अपील की है।

# मुर्दा महिला पहुंची जिला मजिस्ट्रेट के पास

अखंड भारत संदेश

**दास्तान -ए- कोरांव तहसील**

**लेखपाल ने भू माफिया के नाम मृतक दिखा कर ट्रांसफर कर दी महिला की जमीन**



जिला मजिस्ट्रेट के चौखट पर अपने अधिवक्ताओं के साथ मालती देवी

**पसना,कोरांव।** तहसील कोराव में कई ऐसे लेखपाल हैं जिनका मुख्य धंधा किसी निरीह गरीब की जमीन को मृतक दिखा कर भू माफियाओं के नाम अभिलेखों में दर्ज कराकर एक दूसरे के नाम बेंच दिए जाने का अपना रखे हुए है। और पैसा ले ले कर पूरे गांवों में विवाद पैदा कराकर धन कमाने का कार्य कर रहे हैं जिससे फौजदारी के मामले ज्यादातर राजस्व कर्मियों की ही देन है। देवघत के लेखपाल और उक्त भू माफिया के और भी कारनामें हैं जिन्हे जिला प्रशासन के सामने पेश किया जा रहा है। एक वाक्या देवघाट ग्राम सभा में देखने को मिला जहां श्रीमती मालती देवी पत्नी सुखलाल पाल महुली की भूमि संख्या 1632 रकबा 0228 को देव घाट के लेखपाल ने अपने रिश्तेदार ग्राम अल्हवा निवासी सुखलाल पटेल के नाम मृतक दिखा कर दर्ज कर दिया। साल भर से भू अभिलेखों में मृतक मालती पत्नी सुखलाल की जमीन भी भू माफिया द्वारा चर्चा है चार लाख में बिकने जा रही थी। किन्तु जैसे ही जानकारी हुई जिंदा मालती तहसीलदार कोरांव के यहां हाजिर हो गई। तहसील से त्वरित न्याय न मिलता देख जिंदा लाश मालती जिला अधिकारी प्रयागराज के यहां अपने अधिवक्ता विद्या कांत मिश्र एडवोकेट के साथ हाजिर हो गई। और डीम ने यह हरकत को गंभीरता से लिया। और जांच कारवाई का आदेश दे डाला। और आश्वस्त किया कि इसका अंजाम दो दिन में देखने को मिलेगा।मृतक घोषित डीआईजी के यहां भी हाजिर हुई।

उक्त हरकत को जिलाधिकारी कार्यालय में जो भी पहुंचा वह निंदा करता रहा। और जिला प्रशासन से कार्यवाही की मांग करने लगा। ग्राम देवघाट में इसी तरह कई लघु सीमांत किसानों, पट्टे दारो की जमीनें भू माफियाओं ने लेखपाल को पटा कर अभिलेखों में दूसरों के नाम कर दी गई है। जिंदा से मुर्दा बनी महिला का पति और आधा दर्जन बेटे बहू मौजूद है । और जिला मजिस्ट्रेट से भू माफिया और राजस्व कर्मियों को तत्काल बर्खास्त कर जेल भेजे जाने की मांग की। इस प्रकरण को प्रशासन ने खुफिया एजेंसी से भी जांच कराई। जिसकी रिपोर्ट प्रशासन को जा चुकी है। यह भी चर्चा है कि उक्त लेखपाल की रिश्तेदारी देवघाट और आसपास के गांवों में है। जिनके रिश्तेदारों द्वारा ज्यादातर जमीनें लोग अवैध कब्जा हैं। और पूरी मुख्य मार्गों पर अनाधिकृत रूप से काबिज हैं,जिससे लोक सम्पत्ति निवारण अधिनियम का उल्लंघन हो रहा है। किन्तु उनके विरुद्ध कार्यवाही न करके अपने रिश्तेदारों के विपक्षियों का लोकल राजनीति में आकर किसी का मकान गिरवाने तो किसी को तरह तरह से परेशान करने का कार्य कर रहा है।

# रामनगर सीएचसी में 1220 लोगों ने लगवाया टीका

अखंड भारत संदेश

**डेंगू-फाइलेरिया के प्रति लोगों को किया गया जागरूक**

**मेजा रोड।** क देश भर में फैली वैश्विक महामारी कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए इन दिनों भारी जनसंख्या में लोगों का टीकाकरण किया जा रहा है। ताकि लोगों को संक्रमण से बचाया जा सके। साथ ही डेंगू-फाइलेरिया के प्रति जागरूक किया गया। बतादें की मेजा के रामनगर सीएचसी में सोमवार को कुल 1220 लोगों का कोरोना से बचाव के लिए टीकाकरण किया गया। अधीक्षक वाई पी सिंह के मुताबिक कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए टीकाकरण कराया जा रहा है। यह टीकाकरण निःशुल्क किया जा रहा है। जिसका भारी जनसंख्या में लोग लाभ ले रहे है। उक्त अधीक्षक ने बताया कि लोगों को डेंगू व फाइलेरिया बीमारी के प्रति भी जागरूक किया गया है।

### सड़क की पटरियों पर जलजमाव होने से व्यापारियों में रोष

**मेजा रोड।** सड़क के किनारे पटरियों पर जल जमाव होने के कारण स्थानीय दुकानदारों की मुसीबतें बढ़ गई है। गौरतलब हो कि मेजारोड बाजार के कोरांव मार्ग पर नाली निर्माण न होने के चलते बरसात तथा घरों का दूषित पानी सड़क की पटरियों पर फैला हुआ है ,जिसके चलते व्यापारियों को काफी मुसीबतें झेलनी पड़ रही है। व्यापारियों का कहना है कि पटरियों पर जल जमाव होने के चलते दुकानों पर कस्टमर नहीं पहुंच रहे हैं क्योंकि पटरियों पर पानी होने के चलते खरीदारी करने पहुंच रहे कस्टमरो को अपने साधनों को खड़ा करने तथा दुकानों तक पहुंचने में काफी दिक्कतें होती हैं। जल जमाव होने के कारण व्यापारियों का व्यापार चौपट हो रहा व्यापारियों ने स्थानीय प्रशासन से नाली निर्माण करवाने की गुजारिश की है '





हरदुआ गांव में व्हद रूप से स्व्चछता अभियान चलाकरं गांव के युवाओं ने सार्जजनिक जगहों स्कूल मंदिर आदि की सफाई कार्य करते।

# युवाओं ने चलाया गांवों में स्वच्छता अभियान

अखंड भारत संदेस

**करछना।** विकास खण्ड के अन्तर्गत हरदुआ गांव में रविवार को वृहद रुप से स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें गाँव के युवाओं ने गांव के महत्वपूर्ण स्थानों व सार्वजनिक जगहो पर जैसे विद्यालय, ट्युबल, मन्दिर, हैंडपंप, गलियों व सड़को के आस पास उगे भारी मात्रा में खरपतवार को नष्ट करने की दवा का छिड़काव किया गया। गाँव के इस पुनीत कार्य में पचासों कि संख्या में युवाओ ने अपने बचत खाते से अपनी अपनी सहभागिता सुनिश्चित कि। जिसमे गांव के कुछ बड़े लोगों ने भी यूवाओं के इस कार्य में अपना साथ दिया।

# कविता एवं कहानी लेखन के लिए ठोस कल्पनाएं जरूरी : शरद मिश्रा

अखंड भारत संदेश



सम्मानित करते शरद मिश्र

**घूरपुर।** लोक संस्कृति विकास संस्थान की ओर से राजकीय अभिनव विद्यालय दांदूपुर में चल रही कविता एवं कहानी लेखन कार्यशाला के तृतीत दिन झांसी की रानी, वीर शिवाजी, शोभा सोमनाथ की जैसे सुपरहिट धरवाहिकों के कथा, पटकथा एवं संवाद लेखक मेराज जैदी एवं तुम्हारी प्रियम, इश्क आउट ऑफ बजट की लेखिका प्रियंवदा दीक्षित सहित शत्रु, रिश्क एवं अनुभूति प्रेम की जैसे लोकप्रिय किताबों के लेखक शरद कुमार मिश्र ने प्रतिभागियों को कविता एवं कहानी लेखन के गुर सिखाए। कवि एवं लेखक शरद कुमार मिश्र ने कहा कि कविता का मूलतत्व प्रेम है। कविता आत्म साक्षात्कार है और फिलॉसफी से आगे की चीज है। कविता लेखन के लिए ठोस कल्पनाएं जरूरी हैं। वहीं कथा, पटकथा संवाद लेखक मेराज जैदी ने लेखक के लिए स्वस्थ चिंतन श्रम को आवश्यक बताया। उन्होंने इस अवसर पर हस्ती का एक शेर भी सुनाया कि बरसों रुत का मिजाज सहता है, पेड़ यूं ही बड़ा नही होता। लेखिका प्रियंवदा दीक्षित ने कहा कि साहित्यकार को किसी दल या संस्था से न जुड़कर मात्र अपनी कलम से जुड़े रहना चाहिए, संस्थाओं को साहित्यकार से। राजनीतिक प्रतिबद्धता के चलते साहित्य का स्तर घटा है। अभिनव विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ आर.डी. शुक्ल ने सभी अतिथियों को विद्यालय की ओर से पुस्तकें भेंट किया। इस अवसर पर डॉ रीता चौधरी, मृणालिनी चतुवेर्दी, शाइस्ता अंजुम, गरिमा सिंह, ऋतु शुक्ला, सपना गौड़, प्रतिभा सिंह, बिजेन्द्र सिंह, गरिमा उपाध्याय, उजमा खुर्शीद, रुचि द्विवेदी, सदफ रहमान, रति सहित प्रमेन्द्र कुमार आदि उपस्थित रहे।



# उप स्वास्थ्य केंद्र चनेथू अव्यवस्था का शिकार

अखंड भारत संदेश

**जंघई।** प्रतापपुर क्षेत्र के उप स्वास्थ्य केंद्र चनेथू की स्थापना 1995 में लाखों की लागत से स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा किया गया था।लेकिन देखरेख के अभाव में स्वास्थ्य केंद्र की स्थिति जीर्ण शीर्ण हो गई है परिसर की दीवार बाऊंड्रीवाल टूट गई है गंदगी का अंबार है हैंडपंप कई महिनों से खराब है घास उग आई है शौचालय में गंदगी है।स्वास्थ्य केंद्र बंद रहता है यहाँ तैनात एक एएनएम एवं एक सहायिका हफ्ते में एक दिन स्वास्थ्य केंद्र का ताला खोलती है और केवल बच्चों को टीका ही लगता है। और रोगों की दवा या इलाज नहीं होता है दवा स्वास्थ्य केंद्र पर नहीं मिलता दवा बाजार में लेने के लिए लिखा जाता है डिलीवरी प्राइवेट अस्पताल में कराई जाती है। जिससे क्षेत्र के चनेथू महरछा, चंपापुर, हरीपुरपट्टी, अनुवां, भेलखा आदि के ग्रामीणों को उप स्वास्थ्य केंद्र चनेथू का लाभ नहीं मिल पा रहा है।कई बार इस विषय में स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारियों को अवगत कराया गया लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया जिससे ग्रामीण निराशा में है क्योंकि समुचित इलाज के लिए ग्रामीणों को दूर फूलपुर हंडिया प्रयागराज जाकर इलाज करवाना पड़ रहा है।

## न्यूज झरोखा

### जय गणेश जय गणेश जय गणेश देवा ....



**जंघई।** चनेथू शरीफाबाद में गणपति स्थापना हुई है जिसमें सुबह शाम आरती कीर्तन प्रसाद का कार्यक्रम चल रहा है भक्तगण सुबह शाम आरती पूजन करने पहुंच रहे हैं।विघ्नहर्ता को गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर पर 'गणपति बप्पा मोरया' का उद्घोष करते हुए भक्तगण भगवान विनायक गणपति महाराज की प्रतिमा लेकर पूजा पंडाल पहुँचे वहां मंच पर उनकी स्थापना वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच विद्वत्ता के साथ विद्वानों द्वारा कराया गया।भक्तों ने पुष्पांजली प्रसाद अर्पित करते हुए आरती की एवं अपनी मनोकामना पूर्ति का आशीर्वाद मांगा उसके बाद भजन कीर्तन करते हुए प्रसाद वितरण किया गया।जिसमें क्षेत्र की महिलाएँ बच्चे पुरुष आदि ने पूजन अर्चन किया जाता है। इस अवसर पर कार्यक्रम आयोजक श्रीकांत दुबे, रामचंद्र दुबे, दिलीप दुबे रोहित दुबे, सत्यम दुबे, अनुराग दुबे सहित तमाम भक्तगण मौजूद रहे।

### खूझी पंप कैनाल की क्षमता बढ़ाने व नहर की मरम्मती करण के लिए सांसद को सौंपा गया मांग पत्र



**घूरपुर।** विगत कई वर्षो से जसरा विकास खंड के अंतर्गत खूझी पंप कैनाल की क्षमता कम होने व नहर की मरम्मती करण न किए जाने से कई गांवो के भारी संख्या में किसानो की खेती प्रभावित हो रही थी। जिसे लेकर ग्रामीणों ने कई बार विभाग के आलाधिकारियों से मांग की लेकिन नतीजा सिफर रहा। जिसे लेकर ग्रामीणों ने भाजपा पिछड़ा मोर्चा के जिला महामंत्री आशीष पाल से गुहार लगाई। जिस पर जिला महा मंत्री ने सोमवार के दिन प्रयागराज सांसद डॉ रीता बहुगुणा जोशी को सम्बन्धित समस्याओं से अवगत कराते हुए मांग पत्र दिया। जिस पर सांसद डॉ जोशी ने एक माह के अंदर कार्य कराए जाने को आश्वस्त करते हुए जिला महामंत्री आशीष पाल की सराहना की। इसकी जानकारी होने पर सम्बन्धित गांवो के किसानों में खुशी की लहर दौड़ गई और सांसद डॉ रीता बहुगुणा जोशी के प्रति आभार प्रकट किया।

### गुड़िया सिंह गौ रक्षा परिषद उत्तर प्रदेश की प्रदेश सचिव नियुक्त



**प्रतापपुर।** विगत कई वर्षों से सामाजिक कार्यो मे प्रमुख भूमिका निभाने वाली हंडिया विधानसभा क्षेत्र में सक्रिय तथा जरुरतमंदों की मददगार समाजसेवीका गुड़िया सिंह को अखिल भारतीय गौ रक्षा परिषद उत्तर का प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया है। गुड़िया सिंह को संगठन को आगे ले जाने की जिम्मेदारी देते हुए संगठन की संस्थापिका राजकुमारी चौधरी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष हिमांशु सिंह ने अपेक्षा किया है कि गुड़िया सिंह संगठन के कार्यों को जन जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगीं। गुड़िया सिंह ने संगठन के उच्च पदाधिकारियों को आश्वस्त किया है कि वह संगठन में पूरी उर्जा एवं मनोयोग से काम करेंगीं एवं संगठन के पदाधिकारियों राष्ट्रीय संयोजक अफरोज आलम, राष्ट्रीय प्रभारी जोगेंद्र धनखड़, प्रदेश अध्यक्ष रेखा गुप्ता, चांदनी पांडेय को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

### जिला योजना समिति सदस्य निर्वाचित होने पर मिली बधाई



**कोरांव।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता सोमदत्त सिंह पटेल जिला पंचायत सदस्य एवं विधानसभा प्रभारी समाजवादी पार्टी कोरांव के जिला योजना समिति सदस्य निर्वाचित होने पर सपाइयों ने बधाई दिया। इस मौके पर सपा नेता सोमदत्त सिंह ने कहा पार्टी और क्षेत्र की जनता ने जो भी जिम्मेदारी दिया है इसका बखूबी निर्वहन करूंगा और आमजन की समस्या के लिए सड़क से लेकर जिले के सदन तक में उठाने का कार्य करूंगा जनकल्याण ही मेरे लिए सर्वोपरि है। इस मौके पर मुख्यरूप से मेहताब खान नगर अध्यक्ष समाजवादी पार्टी राजेश पांडे प्रमोद मिश्र पयासी रामदेव निडर ओम सहाय लालजी पाल निराला हरिप्रसाद पाल शहादत अली अजय सिंह पटेल दीपक पटेल इमरान अली राजेश यादव रामानुज यादव प्रधान इसराइल अली अश्वनी पटेल प्रेम पटेल आदि लोग उपस्थित रहे।

### यूथ कांग्रेस प्रदेश महासचिव के नेतृत्व में चौथे दिन भी अनशन जारी



**करछना।** यूथ कांग्रेस के प्रदेश महासचिव जितेंद्र तिवारी की अगुवाई में दर्जनों से अधिक कांग्रेसियों द्वारा करछना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने अपनी पांच सूत्रीय मांगों के पूरा न होने पर आज चौथे दिन भी अनशन पर बैठे रहे ! जिसके अनुसार बीस दिन पूर्व उपजिलाधिकारी करछना विनोद कुमार पांडेय को ज्ञापन सौंप कर बाढ़ प्रभावित गांवों के किसानों को फसल की नुकसानी का मुआवजा दिलाने, बेघर हुए लोगों को आवास मुहैया कराने, न्याय पंचायत स्तर पर गौशाला बनवाने, अघोषित बिजली कटौती बंद हो व बिजली के जर्जर तार बदले जाए, अरैल में सड़क निर्माण व लाइट की व्यवस्था के साथ बेंदो पनासा मार्ग व थरी गांव रोड की मरम्मत कार्य की मांग की है! जिसके पूरा ना होने तक अनशनरत रहने की बात कहां है! जिस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रंगराज सिंह, विकास सोनी, दिनेश सोनी, अरुण कुशवाहा, बड़कऊ यादव , आयुष मिश्रा, बनटू यादव , शहजाद उल हक, सोनू सिंह सुरेश पटेल , नागेश पाण्डेय आदि पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### पौधरोपण कर शाखा प्रबंधक ने मनाया स्थापना दिवस



**जारी।** ओरिएण्टल इंश्योरेंस कंपनी नैनी प्रयागराज के शाखा प्रबन्धक सत्येन्द्र कुमार सिंह व कमलेश डिग्री कालेज के प्रबंधक व वरिष्ठ समाजसेवी शिव भान यादव के द्वारा ओरिएण्टल इंश्योरेंस के75 वे स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर कमलेश यादव डिग्री कॉलेज झूसी मे वृक्षारोपण किया गया । ओरिएन्टल इंश्योरेंस कंपनी अपने अस्तित्व के 75 वें वर्ष में ग्राहकों को बेहतर सेवा प्रदान करने के लिए ग्राहकों से जुड़ने पर ध्यान केंद्रित करेगी। शाखा प्रबंधक सत्येन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि ओरिएण्टल इंश्योरेंस कंपनी के द्वारा ग्राहको को बेहतर तरीके से बीमा सेवा प्रदान की जा रही है और आगे भी इसी प्रकार बेहतर सेवा ग्राहकों को दी जायेगी।शाखा प्रबंधक ने इस अवसर पर सभी ग्राहको,अभिकर्ताओ ,एवम् कर्मचारियो का मुँह मीठा कराकर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दिया। इस अवसर पर सुमित,लल्लु प्रधान, चिंतामणिशुक्ला , विनीत आदि लोग मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### मुख्तार अंसारी को एक और झटका, जानलेवा हमले के मामले में जमानतदारों ने वापस ली जमानतें

**प्रयागराज।** बाहुबली विधायक मुख्तार अंसारी की मुश्किलें बढ़ती जा रही है। कानून का शिकंजा कसने के साथ ही उनके मददगारों ने भी अपने कदम पीछे हटाने शुरू कर दिए हैं। सोमवार को मुख्तार के खिलाफ दर्ज जानलेवा हमले के एक मामले में उनके दो जमानतदारों ने अपनी जमानते वापस ले ली हैं। इसके बाद मुख्तार को इस मामले में फिर से कस्टडी में लेने का कोर्ट ने आदेश दिया है।मुख्तार के खिलाफ 2009 में गाजीपुर में जानलेवा हमला और आपराधिक षड्यंत्र का मुकदमा दर्ज हुआ था। जिसमें उनको 28 अगस्त 2010 को हाई कोर्ट ने जमानत दे दी थी। मुख्तार की जमानत लेने वाले दो सगे भाई मोहम्मद अकबर एवं मोहम्मद अकमल ने स्पेशल कोर्ट एमपी एमएलए में अर्जी देकर के कहा कि निजी कारणों से उनको शहर से बाहर जाना है। इसलिए वह मुख्तार मुख्तार की जमानत वापस करना चाहते हैं।

# डेंगू से चौकी इंचार्ज की हुई मौत

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** प्रयागराज में डेंगू का प्रकोप तेजी से बढ़ता जा रहा है। डेंगू ने प्रयागराज में सिविल लाइंस हनुमान मंदिर चौकी इंचार्ज शिखर उपाध्याय की जान ले ली। इससे पुलिस महकमे में हड़कंप मचा हुआ है।

पुलिस महकमे में उप निरीक्षक शिखर उपाध्याय वर्तमान में सिविल लाइंस हनुमान मंदिर पुलिस चौकी पर बतौर इंचार्ज तैनात थे। वह कुछ दिन पहले डेंगू से पीड़ित हुए थे। स्थानीय अस्पताल में उपचार कराने के बाद हालत में सुधार न होने पर उन्हें लखनऊ स्थित मेदांता हास्पिटल में भर्ती कराया गया था। जहां उपचार के दौरान सोमवार को उनकी मौत हो गई। जिले में डेंगू का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। रोज कुछ न कुछ नए मरीजों में संक्रमण की पुष्टि हो रही है। जिले में अब तक 87 डेंगू मरीज पाए गए हैं, जिनका उपचार चल रहा है।

**सिविल लाइंस हनुमान मंदिर चौकी इंचार्ज शिखर उपाध्याय का लखनऊ मेदांता में चल रहा था इलाज**



### 200 घरों में कराया गया पैराथ्रम का छिड़काव

प्रयागराज में वायरल का वार बढ़ता ही जा रहा है। बुखार का कहर बरकरार है। डेंगू का प्रकोप भी बढ़ता ही जा रहा है। जिले में अब तक डेंगू संक्रमितों की संख्या 87 हो गई है। मलेरिया विभाग ने कई मोहल्लों के दो सौ से अधिक घरों में पैराथ्रम स्प्रे कराया। लार्वा जांच और एंटी लार्वा छिड़काव भी किया गया।

**जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. आनंद सिंह के मुताबिक**

### एसआरएन, बेली की ओपीडी पहुंचे आठ सौ से अधिक बुखार पीड़ित

एसआरएन और बेली अस्पताल की ओपीडी में मौसम जनित बीमारियों से पीड़ित लोगों की संख्या बढ़ रही है। मेडिसिन विभाग की ओपीडी में मरीजों को देख रहीं डॉ. अनुभा श्रीवास्तव ने बताया कि वायरल पीड़ितों के साथ बुखार, सर्दी-जुकाम, खांसी की दिक्कत वाले मरीज आ रहे हैं। दोनों अस्पतालों में पहुंचे दो हजार से अधिक मरीजों में करीब आठ सौ ऐसे मरीज रहे जिन्हें बुखार के साथ अन्य परेशानी है। चिकित्सकों के मुताबिक मौसम के प्रभाव से ऐसा हो रहा है। वातावरण में नमी की अधिकता और खानपान में लापरवाही से वायरल जकड़ रहा है।

### कर्मचारी की मृत्यु के बाद नहीं चल सकती आपराधिक या विभागीय कार्यवाही : हाईकोर्ट

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा है कि कर्मचारी की मृत्यु के बाद उसके खिलाफ कोई विभागीय या आपराधिक कार्यवाही नहीं चल सकती है। कोर्ट ने सेवा काल में निलंबित चल रहे मृतक कर्मचारी के बकाया देयों और पेंशन आदि के भुगतान पर निर्णय लेने का सीएमओ जौनपुर व निदेशक पेंशन लखनऊ को आदेश दिया है। तीन माह में याची को पारिवारिक पेंशन व उसके पति का बकाया वेतन का भुगतान किया जाए। कोर्ट ने भुगतान से इनकार करने के तीन दिसंबर 19 व चार जनवरी 19 के आदेश को रद्द कर दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति पंकज भाटिया ने सुमित्रा सिंह की याचिका को स्वीकार करते हुए दिया है। याचिका पर अधिवक्ता बी एन सिंह राठौर ने बहस की। अधिवक्ता का कहना था कि याची के पति खाद्य निरीक्षक थे। उनके खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप में एफआईआर दर्ज कराई गई। कोर्ट ने याची के पति को माना निलंबन काल का बकाया वेतन पाने का हकदार। आठ सितंबर 93 को उनको निलंबित कर दिया गया। कोई चार्जशीट नहीं दी गई। इसी दौरान वह 31 मार्च 94 को सेवानिवृत्त हो गए। इसके बाद उनकी अंतरिम पेंशन तय की गई। याची के पति की 19 फरवरी 16 को मृत्यु हो गई। इसके बाद याची ने निलंबन काल का बकाया वेतन, बकाया पूरी पेंशन और पति की मृत्यु के बाद पारिवारिक पेंशन का दावा किया। कोर्ट ने याची के पति को निलंबन काल का बकाया वेतन पाने का हकदार माना और कहा एससीआर रेग्यूलेशन 351 के तहत मौत के बाद कोई आपराधिक या विभागीय कार्यवाही नहीं चल सकती। इसलिए बकाया वेतन, पेंशन आदि पाने का हकदार हैं।

## एसओजी टीम ने युवती को यमुना नदी में कूदने से बचाया, परिजनों को सौंपा

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** एसओजी यमुनापार की टीम ने सोमवार को एक युवती को यमुना पुल से कूदने से बचा लिए और सुरक्षित परिजनों को सौंप दिए। टीम के सदस्यों को डीआईजी/एसएसपी सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी ने एक-एक हजार रुपए इनाम देकर कर सम्मानित किए।

जानकारी के मुताबिक सोमवार को एसओजी यमुनापार टीम के उप निरीक्षक/प्रभारी संतोष कुमार सिंह हेड कांस्टेबल स्वतंत्र यादव, यशवंत राठौर, भानु प्रताप सिंह, कांस्टेबल अंगद गिरि, सिद्धेश्वर पांडेय व चालक दिनेश सिंह के साथ नए यमुना ब्रिज से वाहन द्वारा गुजर रहे थे। तभी अचानक टीम के सदस्यों ने देखा कि एक लगभग 20 से 22 वर्षीय युवती बड़ी तेज गति में यमुना पुल की ओर जा रही थी। प्रभारी संतोष कुमार सिंह समेत सदस्यों को महिला की गतिविधियों में शंका हुई कि वह अपने आप को नुकसान पहुंचाने के लिए जा रही है। प्रभारी संतोष कुमार सिंह के निर्देश पर

**डीआईजी/एसएसपी ने एसओजी टीम के सदस्यों को एक- एक हजार रुपए इनाम देकर किया सम्मानित**

टीम के सदस्यों ने वाहन से उतरकर रेलिंग के आसपास जाकर खड़े हो गए। तभी पीछे से उक्त युवती के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। जैसे ही वह युवती अपने परिजनों को देखा तो उसने तेज गति में रेलिंग के ऊपर चढ़कर यमुना नदी में छलांग लगाने के लिए प्रयास करने लगी। यह देख एसओजी टीम के सदस्यों ने सूझबूझ एवं साहस का परिचय देते हुए उक्त युवती को बचा लिए और उसे समझा-बुझाकर मौके पर मौजूद परिजनों को सुरक्षित सौंप दिए। एसओजी यमुनापार के उप निरीक्षक/प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने मामले की जानकारी आला अफसरों को दी। वहीं एसओजी यमुनापार की टीम को साहसिक कार्य करने के लिए डीआईजी/एसएसपी सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी ने एक-एक हजार रुपए पुरस्कृत कर सम्मानित किया।

# जिम संचालिका युवती ने पूर्व सपा विधायक के पुत्र के खिलाफ दर्ज कराया दुष्कर्म का मुकदमा

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** प्रयागराज शहर के सिविल लाइन में जिम चलाने वाली एक युवती ने सपा के पूर्व विधायक सईद अहमद के पुत्र कवि अहमद के खिलाफ दुष्कर्म, मारपीट, धमकी और लूट का मुकदमा दर्ज कराया है। मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। जिम संचालिका युवती ने आरोप लगाया कि पूर्व विधायक सईद अहमद के पुत्र कवि अहमद से उसकी मुलाकात 2018 में हुई थी। कवि अहमद ने उसे लखनऊ ले जाकर नशीला पदार्थ खिलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया और वीडियो भी बना लिया। इसके बाद वीडियो वायरल करने की धमकी देकर वह उसके साथ लगातार दुष्कर्म करता रहा। वीडियो वायरल करने के भय से वह कुछ बोल नहीं पा रही थी और कवि अहमद की मनमानी बढ़ती जा रही थी। अब वह मारपीट पर भी उतारू हो गया।इस दौरान उसने पिस्टल सटाकर उसके साथ मारपीट की। वह उसके घर पहुंच गया और गाली गलौज किया। विरोध करने पर घर के गार्ड के साथ मारपीट की और पिस्टल सटाकर जान से मारने की धमकी दी। घटना की जानकारी होने पर जब बड़ी बहन ने विरोध किया तो उसकी बहन और उनके लड़के को भी मारा पीटा और जान से मारने की धमकी दी।

युवती का आरोप है कि रविवार 12 सितंबर को वह जब सिविल लाइन सरदार पटेल मार्ग पर पीवीआर की तरफ जा रही थी तब इसकी जानकारी आरोपी को लग गई और वह पहुंच गया। वहां बीच सड़क पर उसने उसे अपमानित करने के साथ पिस्टल निकाल लिया और पिटाई शुरू कर दी। जब वह भागने का प्रयास करने लगी तो आरोपी ने सुभाष चौराहे तक उसे दौड़ा-दौड़ाकर पीटा और उनका मोबाइल छीन ले गया। पुलिस से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। इस मामले में तहरीर मिलने पर पुलिस ने विधायक सईद अहमद के पुत्र कवि अहमद के खिलाफ दुष्कर्म, मारपीट, धमकी, लूट आदि धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार पत्रकार गम्भीर

**शंकरगढ़।** सोमवार को शिवराजपुर में एक सड़क दुर्घटना में वरिष्ठ पत्रकार सुधीर सिंह गम्भीर रूप से घायल हो गए है।बताया जा रहा है कि ट्रक चालक की लापरवाही से यह घटना घटी है।इस घटना से शिवराजपुर की जनता समेत पत्रकारों में आक्रोश व्याप्त है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक सोमवार की दोपहर लगभग तीन बजे शंकरगढ़ क्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकार सुधीर सिंह अपने जरूरी काम से घर लौट रहे थे, तभी प्राथमिक विद्यालय शिवराजपुर के पास उनको एक चौदह चक्का वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे उनके घुटने पैर की हड्डी टूट गई। गंभीर हालत में घायल सुधीर सिंह को इलाज के लिए प्रयागराज रेफर किया गया है।



मेजा एसडीएम को ज्ञापन सौंपते किसानों का दल

# दर्जनों किसानों ने एसडीएम मेजा को सौंपा ज्ञापन

अखंड भारत संदेश

**मेजा रोड।** विकासखंड मेजा के दर्जनों किसानों ने सोमवार को जीवन बचाओ आंदोलन के संयोजक विनय शुक्ला पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य कोना के नेतृत्व में मेजा एसडीएम कार्यालय पहुंच कर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। किसानों ने कहा कि आवारा पशु उनकी खेती को बर्बाद कर रहे हैं। इन पशुओं के आतंक से छुटकारा नहीं मिल रहा।किसानों ने प्रशासन से अपील की कि उन्हें आवारा पशुओं से निजात दिलाई जाए।

एसडीएम कार्यालय में ज्ञापन देने पहुंचे गांव विनय शुक्ला, सतीश

**आवारा पशुओं के आतंक को लेकर जीवन बचाओ आंदोलन के संयोजक विनय शुक्ला के नेतृत्व में एसडीएम से मिले किसान**

तिवारी, चंद्रभान यादव, रंग लाल निषाद, वेद प्रकाश, डॉक्टर कमला शंकर द्विवेदी, राजेश मिश्र ,उमा शंकर पाठक ने बताया कि आवारा पशु उनकी फसलों को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं। कोना ,भटौती, सिंहपुर, मदरहा,ममोली, गडेवरा व आसपास के गांवों में आवारा पशुओं की भारी तादात है, जो दिनरात उनके खेतों में घुस रहे हैं और कड़े पहरे के बावजूद भी खेती बर्बाद कर रहे हैं। किसानों ने कहा कि महंगे खाद, बीज से उन्होंने हजारों रुपये खर्च कर खेतों में फसलों की बुआई, बिजाई की है, दिन रात मेहनत कर किसान अपनी आजीविका के लिए खेती के कार्य में जुटे हैं। लेकिन क्षेत्र में सैकड़ों की संख्या में घूम रहा आवारा पशुओं का झुंड उनकी खेती बर्बाद कर रहा है। जिससे किसानों की पूरी मेहनत पर पानी फिर गया है और आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। इसी क्रम में सैकड़ों की संख्या में पहुंचे किसानों ने उप जिलाधिकारी मेजा रेनू सिंह को ज्ञापन सौंपते हुए आवारा पशुओं से निजात दिलवाने की बात कही।

# इंटरमीडिएट तक के सभी शासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों के कर्मचारी पेंशन पाने के हकदार : हाईकोर्ट

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा है कि शासकीय सहायता प्राप्त निजी शिक्षण संस्थाओं में कार्यरत वह सभी शिक्षक व कर्मचारी पेंशन पाने के हकदार हैं जो 1964 की पेंशन नियमावली के दायरे में आते हैं। कोर्ट ने पेंशन का लाभ सिर्फ उच्चतर प्राथमिक विद्यालयों के अध्यापकों तक सीमित करने को सही नहीं माना और इस संबंध में जारी आदेश को रद्द कर दिया है । कोर्ट ने इंटरमीडिएट बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त शासकीय सहायता प्राप्त निजी विद्यालय के अध्यापकों को उनका प्रबंधकीय अंशदान ब्याज सहित जमा करने के लिए 2 माह का समय दिया है। तथा सरकार को आदेश दिया है कि याची गण को पेंशन का लाभ दिया जाए।

लाल साहब सिंह व अन्य की याचिका पर हाईकोर्ट ने की सुनवाई लाल साहब सिंह व अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश न्यायमूर्ति अश्वनी कुमार मिश्र ने दिया। याचीगण के अधिवक्ता रामकृष्ण यादव का कहना था कि याचीगण धर्मराजजी देवी गंगा प्रसाद सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जौनपुर में सहायक अध्यापक है। शुरू में यह उच्चतर प्राथमिक विद्यालय था 1986 में इसे हाई स्कूल की मान्यता मिल गई। याचीगण रिटायर हो चुके हैं। तथा



रिटायरमेंट के बाद उन्होंने 5 फरवरी 17 को जारी शासनादेश के तहत पेंशन के लिए अपना प्रबंधकीय अंशदान ब्याज सहित जमा करने की पेशकश की। मगर उसे यह कहकर के खारिज कर दिया गया की उक्त शासनादेश का लाभ सिर्फ उच्चतर प्राथमिक विद्यालय के अध्यापकों के लिए है । अधिवक्ता ने कहा कि अंशदान जमा करने के लिए जारी की गई थी कट आफ डेट अधिवक्ता ने हाईकोर्ट द्वारा बुद्धि राम किसने दिए निर्णय का हवाला देते हुए कहा कि इस केस में हाईकोर्ट ने यह स्पष्ट कर दिया है कि पेंशन योजना का लाभ पाने के हकदार वह सभी लोग हैं जो 1964 की पेंशन नियमावली के दायरे में आते हैं। जबकि सरकारी अधिवक्ता का कहना था की 22 मई 2006 के शासनादेश के जरिए अंशदान जमा करने हेतु कट ऑफ डेट जारी की गई थी। मगर याची ने नियत तिथि के भीतर अपना अंशदान जमा नहीं किया। याची गण का कहना था की 2006 का शासनादेश उनको कभी उपलब्ध ही नहीं कराया गया। तथा याची गण को योजना की जानकारी 2017 में जारी शासनादेश के आधार पर हुई और तब उन्होंने कट ऑफ डेट के भीतर ही अपना अंशदान जमा करने की पेशकश की थी, जिसे अस्वीकार कर दिया गया।

कोर्ट ने कहा कि शासनादेश सिर्फ उच्च प्राथमिक विद्यालयों तक सीमित नहीं 2006 के शासनादेश द्वारा जो कट ऑफ डेट जारी की गई थी उसे हाईकोर्ट ने बुद्धि राम केस में रद्द कर दिया था तथा 2017 का शासनादेश हाईकोर्ट द्वारा बुद्धि राम केस में दिए निर्णय के अनुपालन में जारी किया गया है। कोर्ट ने कहा कि इस शासनादेश को सिर्फ उच्च प्राथमिक विद्यालयों तक सीमित नहीं रह सकता है, बल्कि इसका विस्तार उन सभी शिक्षण संस्थाओं तक होगा जो 1964 की पेंशन नियमावली के दायरे में आते हैं। सरकार से अपेक्षा की जाती है कि वह शासनादेश का लाभ ऐसे सभी शैक्षणिक संस्थानों के कर्मचारियों को समान रूप से देगी। कोर्ट ने याचीगण को पेंशन भुगतान न करने का 2 अगस्त 2017 का आदेश रद्द कर दिया है तथा 2 माह के भीतर याचीगण का ब्याज सहित अंशदान जमा करवा कर पेंशन भुगतान का आदेश दिया है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश सरकार ने 1964 से शासकीय सहायता प्राप्त निजी विद्यालयों के अध्यापकों व कर्मचारियों को भी पेंशन देने का निर्णय लिया जो मान्यता प्राप्त थे।

## डेंगू नियंत्रण का चलाया गया जन जागरूकता अभियान

**● विकास खण्ड सोरांव के ग्राम पंचायत पीडी पडिला के इस्माइलगंज पुरा में एडीएम प्रशासन ने ग्राम पंचायत में साफ-सफाई, एण्टी लार्वा के छिड़काव के बारे में दी जानकारी**




पीडी पडिला के इस्माइलगंज में जनजागरूकता अभियान निकालते एडीएम प्रशासन

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री के निर्देश के क्रम में सोमवार को विकास खण्ड सोरांव के ग्राम पंचायत पीडी पडिला के इस्माइलगंज पुरा में डेंगू के प्रकोप को फैलने से रोकने के लिए जनजागरूकता रैली निकाली गयी। अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्री विजय शंकर दूबे ने पूरे गांव का भ्रमण कर साफ-सफाई, लार्वा का छिड़काव तथा ठीक हो चुके एवं भर्ती मरीजों के घर जाकर उनका कुशलक्षेम जाना। एडीएम प्रशासन ने बैठक करते हुए खण्ड विकास अधिकारी सोरांव एवं मलेरिया अधिकारियों को निर्देशित किया कि साफ-सफाई की व्यवस्था चुस्त-दूरूस्त रखे व कहीं पर जल जमाव न होने पाये, इसका विशेष ध्यान रखे। ग्राम पंचायत पीडी पडिला के इस्माइलगंज पुरा में दीवारों पर पम्पलेटों के माध्यम से भी प्रचार-प्रसार किया गया है, जिसमें डेंगू, बुखार और उपचार के बारे में जानकारी दी गयी है। इस्माइलगंज पुरा में अब तक कुल 9 लोग डेंगू से पीड़ित थे, जिसमें से 5 लोग ठीक होकर घर पर आ गये है तथा शेष 4 मरीज अभी भी भर्ती है, जिनका इलाज चल रहा है। इसी क्रम में उन्होंने प्राथमिक विद्यालय-2 इस्माइलगंज का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रधानाध्यापक को स्कूल की साफ-सफाई, स्कूल में पानी आदि जमा न होने पाये तथा बच्चों को मध्यान भोजन में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने के लिए कहा है। निरीक्षण के दौरान खण्ड विकास अधिकारी सोरांव, मलेरिया अधिकारी ए0के0 सिंह, एडीओ पंचायत सोरांव तथा ग्राम प्रधान कमलेश गुप्ता सहित ग्राम पंचायत के लोग उपस्थित रहे।

# विधायक मेजा से मिले मजदूर नेता राम प्रताप, मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

अखंड भारत संदेश

मेजा रोड। विधायक मेजा नीलम करवरिया को कताई मिल श्रमिक समस्याओं के निदान के लिए उनके प्रयागराज आवास पर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया गया ' विधायक श्रीमती नीलम करवरिया द्वारा श्रमिकों की समस्याओं के निदान के लिए मुख्यमंत्री से वार्ता कराने हेतु आश्वासन दिया और कहा कि हमारा प्रयास होगा कि मजदूरों का वी आर एस सहित जो वाजिब भुगतान होगा उसको दिया जाए ताकि न्यायालय में चल रहा विवाद भी समाप्त हो जाए ' ज्ञातव्य हो कि कताई मिल मेजा प्रयागराज उत्तर प्रदेश सरकार का प्रतिष्ठान है ज्ञापन कताई मिल मजदूर संघ के मंत्री राम प्रताप पांडेय के नेतृत्व में सौंपा गया तथा प्रतिनिधिमंडल में कृपाशंकर शुक्ला जमाल अंसारी तथा अशोक मिश्रा आदि उपस्थित रहे।



विधायक से मिलकर ज्ञापन सौंपते मजदूर नेता

## 14 सितंबर को शिक्षामित्र स्कूल में रहकर करेंगे अध्यापन कार्य

**प्रयागराज।** आदर्श शिक्षा मित्र वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा 14 सितंबर को शिक्षक संघ द्वारा प्रस्तावित धरने में सम्मिलित नहीं होने का निर्णय लिया है एसोसिएशन के जिला मंत्री अरुण कुमार सिंह द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी दी गई है ' विज्ञप्ति में कहा गया है कि जब उत्तर प्रदेश की सरकार शिक्षामित्र के प्रकरण पर गंभीरता से विचार कर रही है तो किसी अन्य संगठन के भीड़ का हिस्सा शिक्षामित्र नहीं बनेंगे ' जो शिक्षक संघ आज शिक्षामित्र का हितैषी बनने का ढोंग कर रहा है वहीं संघ के प्रदेश अध्यक्ष समायोजन निरस्त होने के बाद शिक्षामित्रों का माखौल उड़ा रहे थे 'आज भी वही कर रहे हैं इसका प्रमाण यही है कि अपने मांग पत्र के 21 नंबर पर शिक्षामित्र प्रकरण रखा है ' जिला मंत्री ने कहा कि यदि शिक्षामित्रों के हित में आंदोलन की जरूरत पड़ी तो संगठन शिक्षामित्रों का कमजोर नहीं है पहले भी शिक्षामित्र अकेले ही संघर्ष करते रहे हैं ।जिला अध्यक्ष अश्वनी त्रिपाठी ने जनपद के सभी शिक्षामित्र से अपील करते हुए कहा कि आप लोग अपने स्कूल में रहकर पठन-पाठन कराएं सरकार आपकी समस्या को स्वयं संज्ञान ले चुकी है समाधान जल्द होना है ।



अश्वनी त्रिपाठी जिलाध्यक्ष आदर्श शिक्षा मित्र वेलफेयर एसोसिएशन प्रयागराज

# कार्यदायी संस्थाएं निमार्णाधीन कार्यों को शीघ्र करे पूर्ण :डीएम

**निमार्णाधीन कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिया जाय, कार्यदायी संस्थायें निर्माण कार्यों के पूर्ण होने पर भवन को तत्काल सम्बंधित विभाग को करें हस्तांतरित**

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में संगम सभागार में सोमवार को कार्यदायी संस्थाओं एवं विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए सभी कार्यदायी संस्थाओं को निमार्णाधीन कार्यों को गुणवत्ता के साथ शीघ्रता से पूर्ण कराये जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने यह भी निर्देशित किया है कि कार्यदायी संस्थाओं के द्वारा जैसे ही निर्माणकार्य पूर्ण कर लिया जाये, वैसे ही तत्काल भवन को सम्बंधित विभागों को हस्तांतरित कर दिया जाये। उन्होंने निमार्णाधीन कार्यों की गुणवत्ता एवं कार्य की प्रगति की समीक्षा हेतु टीम बनाकर कार्यों का नियमित रूप से अनुश्रवण कराते रहने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिये जाने की हिदायत दी है। उन्होंने कहा कि कार्यों में लापरवाही या उदासीनता किसी भी दशा में स्वीकार्य नहीं होगी। उपलब्ध धन के सापेक्ष कार्य की प्रगति न पाये जाने पर सम्बंधित अधिकारी के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। जिलाधिकारी ने कार्यों में लापरवाही या उदासीनता बरतने पर राजकीय निर्माण निगम के अधिकारी के विरूद्ध प्रतिकूल प्रविष्टि दिये जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय बारा एवं जसरा, अग्निशमन केन्द्र कोरांव, होलागढ़, हनुमानगंज, इलाहाबाद दक्षिणी में ट्रांसमिशन सब स्टेशन के निर्माण कार्य, बारा में मिनी स्टेडियम, सरोजनी नायडू अस्पताल में बाल रोग चिकित्सालय भवन, आंगनबाड़ी भवन, स्वास्थ्य केन्द्र कोटवा, आईटीआई कोरांव, आयुष छात्रावास, एचटीपी, लाक्षागृह, कस्तूरबा गांधी विद्यालय तथा बन रहे रेलवे आरओबी के निर्माण कार्यों सहित अन्य निमार्णाधीन कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण कराये जाने का निर्देश सम्बंधित कार्यदायी संस्थाओं को दिया है। विद्युत विभाग की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत विद्युत की वसूली सुनिश्चित किये जाने का निर्देश दिया है। बैठक में बिना सूचना दिये अनुपस्थित पाये जाने पर अधिशाषी अभियंता पीएमजेएसवाई का एक दिन का वेतन रोके जाने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने आवास योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल मिशन, कन्या सुमंगला योजना, दुग्ध समितियों के गठन की समीक्षा करते हुए समितियों को और अधिक क्रियाशील किये जाने का निर्देश दिया है। कार्यों में लापरवाही बरते जाने पर जिलाधिकारी ने अधिशाषी अभियंता लघु सिंचाई को स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने सिचाई विभाग की समीक्षा करते हुए सभी सम्बंधित अभियंताओं को 5 दिन के अंदर नहरों के सिल्ट सफाई की कार्ययोजना बनाकर प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया कि सड़कों पर ब्लैक टाप के कार्य के समय अवर अभियंता या उससे उपर के अधिकारी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे। उन्होंने मुख्य पशुचिकित्साधिकारी को निराश्रित गोवंश आश्रय स्थलों का नियमित रूप से अनुश्रवण करते रहने तथा गौ पालकों का भुगतान 2 दिन के अंदर किये जाने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही साथ मत्स्य पालन विभाग, मुख्यमंत्री शादी अनुदान योजना, वानिकी विभाग, कौशल विकास, श्रम विभाग सहित अन्य विभागों की समीक्षा करते हुए सम्बंधित अधिकारियों को योजनाओं से पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित कराये जाने का निर्देश दिया है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी श्री शिपू गिरि, जिला विकास अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी सहित कार्यदायी संस्थाओं तथा अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सर्व समाज को भगवान चित्रगुप्त की पूजा करनी चाहिए : पंकज

## कायस्थ बिरादरी द्वारा गायन, वादन व वाद-विवाद प्रतियोगिता सम्पन्न

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** नगर के जेल रोड स्थित भगवान चित्रगुप्त मंदिर प्रांगण में कायस्थ समाज द्वारा कायस्थ बिरादरी के प्रतिभावान बच्चों का नृत्य, गायन, वादन और वाद विवाद के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला कायस्थ सभा के जिला अध्यक्ष संतोष खरे ने मां सरस्वती को पुष्पांजलि अर्पित कर और दीप प्रज्वलित कर किया।

कार्यक्रम में मानसी श्रीवास्तव, सोनाक्षी श्रीवास्तव, जान्हवी श्रीवास्तव, भूमि श्रीवास्तव,समृद्धि श्रीवास्तव, देव रूद्र, विदिप्त राज, भव्या श्रीवास्तव, वेदान्श श्रीवास्तव, दिया श्रीवास्तव ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम में शमां बांध दिया। शाश्वत श्रीवास्तव ने अपने डिबेट से लोगो को अपने और आकर्षित किया।

नक्षत्र श्रीवास्तव और राजवेनू की तबले की जोड़ी ने अपने तबले की थाप पर जमकर महफिल लूटी। क्षितिज श्रीवास्तव ने अपनी आवाज से लोगों का मनमोह लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कायस्थ वाहिनी राष्ट्रीय संस्थापक पंकज श्रीवास्तव ने शिरकत किया। पंकज श्रीवास्तव ने भगवान चित्रगुप्त के अवतरण पर प्रकाश डालते हुए कहा भगवान चित्रगुप्त केवल कायस्थ जाति के ही नहीं बल्कि सर्व समाज के देवता है। आज संसार में जो भी ग्रंथ, उपनिषद, पुराण विद्यमान है, वह हमारे लेखनी के देवता चितगुप्त भगवान की देन है। सर्व समाज को भगवान चित्रगुप्त की पूजा करनी चाहिए। मुख्य अतिथि पंकज श्रीवास्तव को विश्वदीपक श्रीवास्तव, राजकुमार सिन्हा, क्षितिज श्रीवास्तव, अमितेंद्र श्रीवास्तव, संतोष खरे ने तलवार भेंट कर शाल ओढ़ाकर और माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन अमितेंद्र श्रीवास्तव ने किया। इस कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले सभी प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि द्वारा मोमेंटो और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर महिला संवेदना समिति की संरक्षिका पूनम श्रीवास्तव, मीना श्रीवास्तव, जिला कायस्थ सभा की महामंत्री कमला श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष डॉक्टर अतुल श्रीवास्तव, साकेत गर्ल्स कालेज के प्रबंधक अरविंद श्रीवास्तव, जनसत्ता दल के जिला उपाध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव, भाजपा के जिला महामंत्री आशीष श्रीवास्तव, अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की राष्ट्रीय सचिव सारिका श्रीवास्तव, अमिताभ श्रीवास्तव, अंजलि श्रीवास्तव, मीनाक्षी श्रीवास्तव, रीता श्रीवास्तव, अनूप श्रीवास्तव, रविकांत श्रीवास्तव, आत्रेय एकेडमी के प्रिंसिपल संदीप श्रीवास्तव, शशांक श्रीवास्तव, शुभम श्रीवास्तव, पंकज श्रीवास्तव, आशीष श्रीवास्तव, राजेंद्र श्रीवास्तव आदि मौजूद ने अपनी उपस्थिति और सहयोग से कार्यक्रम को सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंचाया। कार्यक्रम का समापन भगवान चित्रगुप्त की आरती से किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संतोष खरे ने सबके प्रति आभार प्रकट किया।

# धर्म परिवर्तन के मामले में युवक गिरफ्तार, दो फरार

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** प्रदेश सरकार द्वारा धर्म परिवर्तन को लेकर जहां कानून बनाया गया है, वहीं ग्रामीण इलाकों में इसका कोई प्रभाव नहीं दिखाई दे रहा है। ऐसा ही कुछ एक मामला कंधई थाना क्षेत्र के गुतौली गांव में दो युवतियों के धर्म परिवर्तन के मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। बता दें कि कंधई थाना क्षेत्र के गुतौली गांव में बिहार प्रांत के भभुआ जिले के एक युवती जो हिंदू धर्म की है, दूसरी प्रयागराज जनपद के सोरांव तहसील के दहिया गांव की बताई जा रही है। वह भी हिंदू है। 10 से 12 दिन पूर्व इन दोनों युवतियों को बहला-फुसलाकर गैर समुदाय के दो युवकों ने अपने घर लाकर कमरे में बंद कर दिया। सोमवार की सुबह धर्म परिवर्तन कराने की सूचना ग्रामीणों को मिली। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी कंधई पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने पूछताछ के दौरान मामला सही पाया गया जिसमें धर्म परिवर्तन कराने वाले एक आरोपी को पुलिस गिरफ्तार कर ले गई। दो मुख्य आरोपी मौके से फरार हैं। इस दौरान पुलिस पर महिलाएं हमलावर हुई जिससे काफी देर तक गांव में गहमागहमी का माहौल रहा।

## भगतपुर में ब्राम्हण महासभा की बैठक सम्पन्न

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्र के भगतपुर मे ब्राम्हण महासभा की बैठक प्रदेश अध्यक्ष शिवशंकर तिवारी की अध्यक्षता मे हुई। बैठक मे भगतपुर निवासी शशिधर त्रिपाठी को महासभा का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि इस संगठन का उददेश्य समाज के गरीब, असहाय लोगों की मदद करना है। गरीब ब्राम्हण समाज के लोगों को उनके आर्थिक उत्थान मे सहयोग के लिए संगठन संकल्पित है। इस मौके पर आत्माराम पाण्डेय, शीतला प्रसाद तिवारी, रमेश तिवारी, नीरज, राकेश, चंद्र प्रकाश, राजेन्द्र मिश्र आदि मौजूद रहे।

## सीबीएसई पुर्नपरीक्षा मे एक सौ साठ परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर पंचायत लालगंज क्षेत्र के अझारा स्थित पं. नागेशदत्त पब्लिक स्कूल मे सोमवार को सीबीएसई बोर्ड की पुर्नपरीक्षा सकुशल सम्पन्न हुई। सीबीएसई बोर्ड परीक्षा मे कक्षा बारह गणित विषय के परीक्षार्थी शामिल हुये। परीक्षा मे कुल एक सौ तिरान्नवे परीक्षार्थी नामांकित थे। जिसमे से कुल एक सौ साठ परीक्षार्थियो ने ही परीक्षा दी। जबकि शेष तिरसठ परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य एसएन त्रिपाठी ने बताया कि कोविड गाइडलाइन के निर्देशो का पालन कराते हुए परीक्षा सम्पन्न करायी जा रही है। परीक्षा मे ऑबजर्वर के रूप मे संस्कार ग्लोबल स्कूल टेऊंगा की स्मृति सिंह मौजूद रही।

## सिंचाई बन्धु की बैठक 14 को

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** अधिशासी अभियन्ता/सचिव सिंचाई खण्ड अरविन्द वर्मा ने बताया है कि जनपदीय सिंचाई बन्धु की बैठक 14 सितम्बर को पूर्वान्ह 11 बजे सिंचाई निरीक्षण भवन सभागार प्रतपगढ़ में आयोजित की गयी है। बैठक की अध्यक्षता भानु प्रताप सिंह उपाध्यक्ष सिंचाई बन्धु द्वारा की जायेगी। बैठक में जनपद के जनप्रतिनिधिगण, जनपदीय अधिकारी एवं कृषकगण को आमंत्रित किया जाता है।

## वृद्धा घर से हुई गायब, दी गई तहरीर

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** 82 वर्ष की एक वृद्धा सुबह घर से निकली, लेकिन वापस नहीं लौटी तो वृद्धा के बेटे ने रिश्तेदारों और संबंधित आसपास के लोगों से पता किया कुछ पता नहीं चलने पर वृद्धा के लापता होने की शिकायत पुलिस से की है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के लालगंज बाजार डेई डीह धौराहरा के रहने वाले अब्दुल्ला पुत्र मुंशी रजा ने पट्टी कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि उसका जमीनी विवाद दीवानी न्यायालय में काफी दिन से चल रहा है। उसी मामले में बीते 10 सितंबर को तारीख पेशी होने के कारण उसकी माता का साबिरा बेगम (82) वर्ष घर से सुबह आठ बजे निकली, लेकिन शाम तक वापस नहीं आई। परिवार सगे संबंधी तथा रिश्तेदारों से पता करने के बाद भी जब वृद्ध महिला का कुछ पता नहीं चला तो महिला के लापता होने की सूचना पुलिस को दी गई।

## तमंचे के साथ सोशल मीडिया पर वायरल हुई युवक की तस्वीर

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** सोशल मीडिया पर लगातार युवाओं द्वारा तमंचा लारा कर फोटो पोस्ट करने की घटनाएं थम नहीं रही है। हालांकि इसके लिए पुलिस लगातार कोशिश कर रही है कि ऐसी घटनाएं ना घटे, लेकिन फिर भी उस पर अंकुश नहीं लग रहा है। सोशल मीडिया पर अवैध असलहे के साथ फोटो वायरल करना आज की युवाओं में पैशन सा बन गया है। कंधई थाना क्षेत्र के सरखेलपुर निवासी रजूद्दीन का बेटा आदिल अपने ननिहाल में रहता है जिसने सोशल मीडिया पर अवैध तमंचा लिए हुए एक फोटो वायरल कर दिया। सोमवार को वायरल हुई इस फोटो के बाद कंधई पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई है।

## सड़क हादसे में महिला हुई जख्मी, गंभीर

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** रिश्तेदारी से घर जा रही महिला मार्ग दुर्घटना में घायल हो गई, जिससे उसके सिर में गंभीर चोटें आई हैं। राहगीरों ने घायल महिला को सीएचसी पट्टी भेजा, जहां उसकी हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के पट्टी रानीगंज मार्ग पर गड़ौरी गांव के समीप सड़क पर गड्ढा होने के कारण बाइक सवार अनियंत्रित हो गया, जिसमें बाइक पर पीछे बैठी सुनीता देवी (45) बेलारामपुर गांव अचानक बाइक उछलने पर सड़क पर गिर गई और उनका सिर फट गया। राहगीरों ने उन्हें इलाज के लिए सीएचसी पट्टी भेजा है जहां उसकी हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

# युवक की हत्या का दूसरा आरोपी भी धराया

## 31 अगस्त को मिली थी युवक की लाश

अखंड भारत संदेश

**लालगंज प्रतापगढ़।** कोतवाली के बलीपुर कटरा स्थित नहर मे बीते इक्तीस अगस्त को युवक का शव मिलने की घटना को लेकर पुलिस ने सोमवार को एक और हत्यारोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मामले मे दो और हत्यारोपितो की पुलिस तलाश मे जुटी है।

सांगीपुर थाना क्षेत्र के मुरैनी गांव निवासी राजेन्द्र वर्मा (26) पुत्र रामफल वर्मा का शव 31 अगस्त को लालगंज कोतवाली क्षेत्र के कटरा बलीपुर स्थित नहर मे उतराया मिला था। मृतक के पिता ने हत्या की आशंका जताते हुए अज्ञात के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी थी। कोतवाल कमलेश पाल के अनुसार मृतक राजेन्द्र वर्मा बडोदरा गुजरात मे सब्जी का व्यवसाय किया करता था। वहीं बडोदरा में जिले के अंतू थाना क्षेत्र के रामनगर भोजपुर किठावर निवासी अवधेश यादव अपनी पत्नी सोना यादव के साथ सब्जी का व्यवसाय करता था। यही राजेन्द्र और सोना यादव के बीच प्रेम प्रसंग परवान चढ़ गया। लेकिन इधर परिवार वालों ने राजेन्द्र वर्मा का विवाह तय कर दिया और उसकी सगाई की तारीख भी तय कर दी। सगाई को लेकर राजेन्द्र बडोदरा से अपने गांव आ रहा था। प्रेमी के सगाई की बाद से नाराज सोना यादव ने अपने भाई शुभम उर्फ अभिषेक यादव पुत्र लालजी यादव निवासी भदारीकला लालगंज एवं शुभम के साथ सुभाष यादव व विकास यादव पुत्रगण रामफेर यादव निवासी अठैसा सलेम भदारी लालगंज के साथ मिलकर लखनऊ से घर आ रहे राजेन्द्र को रास्ते मे रोक लिया और बोलेरो पर बैठाकर सभी घर के लिए निकले। लेकिन रास्ते मे सोना यादव व उसके साथ रहे लोगों ने गला रेतकर राजेन्द्र वर्मा की हत्या कर दी। शव को लालगंज कोतवाली के कटरा बलीपुर स्थित नहर मे फेंक दिया। कोतवाल ने बताया कि आरोपित सोना यादव को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। वहीं घटना के हत्यारोपी पुत्र रामफेर यादव को सोमवार सुबह लालगंज नगर स्थित पुरानी पेट्रोल पम्प के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। उसकी निशानदेही पर पण्डित का पुरवा स्थित प्रदीप यादव के घर के पास से घटना मे प्रयुक्त बोलेरो को बरामद कर कोतवाली लाया गया है अन्य आरोपियो की तलाश की जा रही है।

# श्रीराम राष्ट्रीय काव्य पाठ प्रतियोगिता में आभा मिश्रा रही अव्वल

## शारदा संगीत महाविद्यालय में हुआ आयोजन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** राष्ट्रीय कवि संगम काशी प्रांत द्वारा श्रीराम राष्ट्रीय काव्यपाठ प्रतियोगिता का आयोजन प्रतापगढ़ ईकाई द्वारा शारदा संगीत महाविद्यालय में आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में आभा मिश्रा प्रथम स्थान, संतोष त्रिपाठी द्वितीय स्थान, सरिता त्रिपाठी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता का



संयोजन प्रांत अध्यक्ष अंजनी अमोघ ने किया प्रतियोगिता आयोजन जयराम पाण्डेय राही ने किया।

इस दौरान निर्णायक मंडल के रूप में अनुरुद्ध मिश्रा, आशुतोष आशु, डा मिथलेश रहे। प्रतियोगिता का संचालन सौरभ ओझा तथा अनूप प्रतापगढ़ी ने किया जिसकी अध्यक्षता आनंद मोहन ओझा ने किया। प्रतियोगिता के उपरांत राष्ट्रीय कवि संगम के बैनर तले काव्योत्सव का आयोजन हुआ। काव्योत्सव की अध्यक्षता संगम लाल त्रिपाठी भँवर ने किया। जिस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में आकाशवाणी प्रयागराज के निदेशक लोकेश शुक्ल रहे। काव्योत्सव में विशिष्ट अतिथि अनिल प्रताप त्रिपाठी प्रवात, संजय शुक्ल डा श्याम शंकर शुक्ल रहे। अमेठी इकाई के अध्यक्ष केशरी शुक्ल, महामंत्री डॉ अर्चना ओजस्वी, प्रान्त प्रतियोगिता संयोजक अनिरुद्ध मिश्र के साथ डा शाहिदा, रोशनलाल उमरवैश्य, राजनारायण शुक्ल, अनूप अनुपम, राजेश मिश्रा, डा श्रद्धा सिंह, सुरेश संभव, अनूप त्रिपाठी, सुरेश नरायण व्योम, शेष दुबे राही, सत्येन्द्र मृदुल आदि उपस्थित रहे। काव्योत्सव मे भगवान श्री राम चंद्र के चरित्र पर सभी कवियों ने काव्य पाठ किया। काव्योत्सव मे लोकेश शुक्ल ने पढा देश के नौजवां देश के नौ जवां, दे रहा है सदा तुझको हिंदुस्ता। संगम लाल त्रिपाठी भंवर ने पढा अभिनंदन है राम तुम्हारा अवधपुरी मे। प्रान्त मंत्री आशुतोष आशु ने पढ़ा हर एक घट में है रमा हुआ राम शब्द, राम मय होके नित राम नाम लीजिए। काव्योत्सव का संचालन जयराम पांडेय राही ने किया। कार्यक्रम के अंत में सह संयोजक आशुतोष आशु ने सबका आभार व्यक्त किया।

## संक्रामक रोगों को रोकने के लिये न करें जलजमाव

**प्रतापगढ़।** नगर के रंजीतपुर चिलबिला में मिशन शक्ति के अन्तर्गत नगर पालिका बेल्हा द्वारा साफ-सफाई व मच्छरों का प्रकोप कम करने को लेकर गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि डेंगू व मलेरिया क्षेत्र में न फैले, इसके लिये जरुरी है कि मच्छरों का प्रकोप न बढ़ने पाए। उन्होंने कहा कि हो सके तो जलजमाव न होने दें और अगर कहीं जलजमाव है तो एंटी लार्वा, मिट्टी का तेल या डीजल सप्ताह में एक बार डालें। उन्होंने कहा कि सबसे अच्छा सोर्स डिडक्शन होता है अर्थात पूरी तरह मच्छर बनने की संभावना को समाप्त कर देने के लिये जरुरी है कि जलजमाव को ही समाप्त किया जाए। उन्होंने बताया कि मच्छरों का जीवन 12 दिन का होता है। यदि नए मच्छर नहीं पनपेंगे तो जो पनपे हैं, वह 12 दिन में समाप्त हो जाएंगे। उन्होंने यह भी बताया कि हमारे यहां मस्तिष्क ज्वर के मरीज नही हैं लेकिन मलेरिया व डेंगू जिसमें डेंगू ज्यादा खतरनाक है, के मरीज हैं। इन पर स्वास्थ्य विभाग अंकुश रखे हुए है, फिर भी हम सभी का कर्तव्य है कि साफ-सफाई कर और मच्छरों का प्रकोप कम कर हम इस संक्रामक रोग से भी बच सकते हैं।

# भाजपा की नीतियों से जनता बेहाल : इंद्रजीत

## हर वर्ग का सपा को मिल रहा समर्थन, बनेगी सपा की सरकार

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** समाजवादी पार्टी के जनादेश यात्रा लेकर सपा के राष्ट्रीय महासचिव इंद्रजीत सरोज सोमवार को अपरान्ह में नगर के प्लाजा पैलेस पहुंचे थे जहां कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। राष्ट्रीय महासचिव ने इस अवसर पर कहा कि लाकडाउन व नोटबंदी की त्रासदी ने सभी वर्ग के लोगों को बेहाल कर दिया।

उन्होंने कहा कि ब्राहमण समाज का सबसे ज्यादा अत्याचार योगी सरकार ने किया है। ब्राहमण महिलाओं को जेल भेजा गया है और उनकी हत्याएं हो रही है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के साथ सवर्ण और मुस्लिम के साथ बैकवर्ड और अनुसूचित जाति भी है जिनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलना होगा। उन्होंने कहा कि पार्टी को हर वर्ग का समर्थन मिल रहा है और अगले चुनाव में




सपा की सरकार बनेगी। प्लाजा पैलेस पहुंचने पर इंद्रजीत सरोज को फूल-मालाओं से लाद दिया गया। हजारों की संख्या में कार्यकर्ता अपने राष्ट्रीय महासचिव को सुनने पहुंचे थे। इस अवसर पर प्रदेश के पूर्व मंत्री शिवाकांत ओझा, पूर्व मंत्री हीरामणि पटेल, पूर्व विधायक नागेन्द्र सिंह यादव मुन्ना, श्याद अली के अलावा शक्ति सिंह, इरशाद सिद्दीकी, डा0 रंजीत राव, वासिक खान, शहरे आलम शीबू, सुषमा पाल, मनीष पाल, शांति सिंह आदि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष छविनाथ यादव व संचालन जिला महासचिव अब्दुल जिलानी ने किया।

# कुण्डा के आलापुर में आयोजित हुआ प्रबुद्ध सम्मेलन

अखंड भारत संदेश

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ की सरकार ने साढ़े चार वर्ष में ऐतिहासिक कार्य किया है। प्रदेश से अपराधियों का सफाया किया गया। यही नही अपराध करके कमाई गई सम्पत्ति को सरकार ने जब्त किया। अवैध रूप से बने मकानों को बुलडोजर लगाकर धराशाई किया गया। उक्त बातें कुण्डा के आलापुर में जनता इण्टर कालेज में रविवार को प्रबुद्ध सम्मेलन में आये हुए जनमानस के बीच बतौर मुख्य अतिथि कौशाम्बी सांसद व भाजपा के राष्ट्रीय सचिव विनोद सोनकर ने कही।

सांसद विनोद सोनकर ने आगे कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने कोरोना महामारी में देश के 80 करोड़ परिवार को निःशुल्क राशन वितरण कराया। कोरोना की वैक्सीन मुफ्त में लगाई जा रही है। विशिष्ट अतिथि प्रबुद्ध प्रकोष्ठ के सह संयोजक ओम प्रकाश त्रिपाठी ने सरकार के कार्यों को विस्तार से बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र

## शहीदों के घर पहुंच कर सांसद ने जताई संवेदना



ने करते हुए प्रबुद्ध सम्मेलन में आये हुए जन समूह के बीच केंद्र व प्रदेश सरकार के विकास कार्यों को बताया। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष राजन मिश्र ने किया। इस दौरान उन्होंने शहीद अमित यादव के घर पहुंचकर संवेदना जताई। इस दौरान पूर्व प्रत्याशी शिव प्रकाश मिश्र सेनानी, त्रिभुवन नाथ मिश्र, पवन गौतम, बृज किशोर त्रिपाठी, सरोज त्रिपाठी, मीडिया प्रभारी भूपेन्द्र पाण्डेय, कालाकांकर युवराज भुवन्यू सिंह, उदय शंकर पाण्डेय, कार्यक्रम संयोजक आलोक तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

# जुआ खेल रहे चार जुआरी गिरफ्तार, ढाई हजार रुपये बरामद

## जुआ अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** थाना आसपुर देवसरा से उ0नि0 महेश कुमार मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान थाना क्षेत्र के ग्राम छतौना के जियो टॉवर के पास से चार व्यक्तियों को ताश के पत्तों से हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुये गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 52 अदद ताश के पत्ते व कुल 2500 रुपये नकद बरामद किया गया। इस सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 214/21 धारा 13 जुआ अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों में फूलचन्द्र निषाद पुत्र गनई निषाद निवासी नगर छतौना थाना आसपुर देवसरा, रवि प्रसाद निषाद पुत्र रामलौट निषाद निवासी तुरकौली थाना आसपुर देवसरा, चन्दन निषाद पुत्र बाकेलाल निषाद निवासी अतरौरा मीरपुर थाना आसपुर देवसरा व रितेश निषाद पुत्र महेन्द्र निषाद निवासी तुरकौली थाना आसपुर देवसरा शामिल हैं।

## पत्रकार के चाचा के निधन पर शोक सभा

अखंड भारत संदेश

**कोइरौना** । डीघ ब्लाक के बारीपुर निवासी पत्रकार गिरीश पाण्डेय के चाचा शिवकमल पाण्डेय 65 वर्ष के निधन पर कोइरौना बाजार में पत्रकारों एवं समाजसेवियों ने एक शोकसभा कर गतात्मा को श्रद्धांजलि दी। शोकसभा में प्रमुख रूप से करूणा शंकर पाण्डेय, डा.महेन्द्र मिश्र, अरविन्द सिंह, संजय मिश्र, अनुज गुप्ता, ओमप्रकाश मिश्र, रामकृष्ण पाण्डेय, सत्यप्रकाश, बेचूलाल सहित अन्य लोग शामिल रहे।

# पीबीपीजी से शुरू होगी फिट इण्डिया फ्रीडम रन हॉफ मैराथन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** आजादी की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में अमृत महोत्सव और मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) राज्य विश्वविद्यालय प्रयागराज के तत्वावधान में फिट इण्डिया फ्रीडम रन हॉफ मैराथन का आयोजन 18 सितम्बर को किया गया है। हॉफ मैराथन पीबीपीजी कालेज सिटी से प्रारम्भ होगी। बतौर मुख्य अतिथि आईजी प्रयागराज केपी सिंह, विशिष्ट अतिथि राज्य विश्वविद्यालय के कुलपति अखिलेश सिंह, प्रबन्धक राजा अनिल प्रताप सिंह सुबह 9 बजे आयोजन का शुभारम्भ करेंगे। महिला और पुरुष दोनों वर्ग के लोग प्रतिभाग कर सकते हैं। प्रथम 10 महिला और पुरुष प्रतिभागियों को पुरस्कृत करने के साथ राज्य स्तरीय प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा। दौड़ पूरी करने पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र दिया जाएगा। हॉफ मैराथन में किसी भी आयु वर्ग के लोग प्रतिभाग कर सकते हैं। किसी भी कालेज के यूनिफॉर्म या सफेद ड्रेस में प्रतिभाग कर सकते हैं। प्राचार्य डा. बृजभानु सिंह एवं विश्वविद्यालय के एनएसएस समन्वयक डा. उपेन्द्र कुमार सिंह ने हॉफ मैराथन की तैयारी को अंतिम रूप देने के लिए सोमवार को शिक्षकों के साथ कालेज में बैठक किया।

## एमडीपीजी कालेज में 15 से नियमित चलेंगी कक्षाएं

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** एमडीपीजी कॉलेज में सोमवार को नई शिक्षा नीति के अनुरूप कक्षाएं संचालित करने एवं विषय आवंटन की व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु शिक्षकों की बैठक प्राचार्य डॉ ए के श्रीवास्तव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में तय किया गया कि स्नातक की सभी कक्षाएं 15 सितंबर से नियमित चलाई जाएंगी किंतु आधे विद्यार्थियों की सोमवार, मंगलवार एवं बुधवार तथा आधे विद्यार्थियों की बृहस्पतिवार शुक्रवार एवं शनिवार को कक्षाएं चलेंगी। यह जानकारी देते हुए महाविद्यालय के जनसूचना अधिकारी डॉ सी एन पांडे ने बताया कि बीए भाग एक में फीस रसीद के क्रमांक 450 तक, बीकॉम भाग एक में फीस रसीद क्रमांक 80 तक, बीएससी मैथ्स क्रमांक 60 तक तथा बीएससी बायो फीस रसीद क्रमांक 70 तक के विद्यार्थी प्रत्येक सप्ताह के प्रथम 3 दिन तथा शेष विद्यार्थी सप्ताह के अंतिम 3 दिन में कक्षाएं ले सकेंगे।

# अनोखी पहलः विशेष वर्कशीट पर पढ़ाई करेंगे दिव्यांग बच्चे

## दिव्यांग बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोडने की कवायद.कक्षा एक, दो और तीन के दिव्यांगों को दी जाएगी वर्कशीट

**अखंड भारत संदेश**

**ज्ञानपुर।** परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययनरत दिव्यांग (कक्षा एक, दो और तीन) के बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग ने एक अनोखी पहल शुरू की है। इसके तहत हाथ-पैर, मूक-बधिर, मानसिक रूप से कमजोर और अल्पदृष्टि वाले बच्चों को विशेष प्रकार की वर्कशीट उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि वह भी शिक्षा ग्रहण कर सकें और शिक्षकों को भी ऐसे बच्चों को समझाने और बताने में कोई समस्या न आए। इसके लिए बेसिक शिक्षा विभाग ने पूरी तैयारी कर ली है।



परिषदीय विद्यालयों में पढने वाले कक्षा एक, दो और तीन के बच्चों को समेकित शिक्षा के तहत पढ़ाई लिखाई से जोड़ने के लिए विशेष तैयारी की जा रही है। समेकित शिक्षा की जिला समन्वयक रश्मि मिश्रा ने बताया कि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भुपेंद्र नारायण सिंह के निर्देशन में दिव्यांग बच्चों की पढ़ाई को रुचिकर और मनोरंजक बनाने के उद्देश्य से यह पहल की जा रही है। इसके लिए बच्चों को वर्कशीट उपलब्ध कराई जाएगी। इस वर्कशीट पर विशेष प्रकार की आकृति व चित्र बने रहेंगे, जो बच्चों को पढ़ने में आसान होंगे और उनका मन भी पढ़ाई में लगेगा। बताया कि शुरुआत में हिंदी और गणित विषय की वर्कशीट स्कूल और दिव्यांग बच्चों के घरों में उपलब्ध कराई जाएगी।

बताया कि दिव्यांग बच्चों को शिक्षित करने की इस प्रक्रिया में जनपद के स्पेशल टीचर और फीजियोथेरेपिस्ट की मदद ली जाएगी। और, वर्कशीट के जरिए जनपद के नोडल शिक्षक/प्रधानाध्यापक दिव्यांग बच्चों को प्रशिक्षित करेंगे। वहीं ब्लाक संसाधन केंद्र ज्ञानपुर में राज्य परियोजना कार्यालय लखनऊ द्वारा उपलब्ध कराये गये वर्कसीट को जिले में कार्यरत समस्त स्पेशल एजुकेटर्स के द्वारा सेट बनाने का कार्य युद्व स्तर पर जारी है। सोमवार को खंड शिक्षा अधिकारी ज्ञानपुर रवींद्र शुक्ल ने स्पेशल एजुकेटर्स द्वारा बनाये जा रहे वर्कशीट सेट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्पेशल एजुकेटर्स आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

# श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की बरही पर आयोजित हुआ विराट बिरहा दंगल

**अखंड भारत संदेश**

**कोइरौना।** श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की बरही पर रविवार की रात कोइरौना बाजार में विराट बिरहा दंगल का आयोजन किया गया। जिसमें दो बिरहा गायक कलाकारों के बीच मुकाबला हुआ। दोनों ही गायक कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक बिरहा गायन की प्रस्तुति की गई।इस दौरान गायक कलाकार अपने गायकी से देर रात तक समां बांधे रखा। लेकिन इससे पूर्व श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की बरही पर आयोजित विराट बिरहा दंगल मुकाबले का शुभारंभ मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष बाल विद्या विकास यादव ने किया। उन्होंने समाजवादी पार्टी के संस्थापक व संरक्षक तथा प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री



एवं पूर्व केंद्रीय रक्षा मंत्री मुलायम सिंह यादव के समाजवादी पार्टी और समाजवाद पर आधारित पुस्तक का बाल विद्या विकास यादव ने सार्वजनिक रूप से वितरण किया। जहां पर श्री यादव ने कहा कि समय-समय पर बिरहा दंगल का आयोजन होता रहना चाहिए। ताकि बिरहा गायकी को विलुप्त होने से बचाया था सके। उन्होंने कहा कि समय का वह दौर था जब हर गांव में बिरहा गायकी का आयोजन किया जाता था। लेकिन अब ऐसे आयोजन बहुत कम होते हैं। जिसके कारण बिरहा गायकों की संख्या काफी कम हो गई है।

# युवा नेता ने सौंपा डीएम को राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन

**अखंड भारत संदेश**

**ज्ञानपुर।** जिले के स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार व जिला अस्पताल के निर्माण आदि 5 सूत्रीय मांगों को लेकर सोमवार युवा नेता डीएम सिंह गहरवार के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी से मुलाकात करने पहुंचे। जहां पर राज्यपाल के नाम संबोधन ज्ञापन सौंपा गया।

इस दौरान युवा नेता डीएम सिंह गहरवार ने कहा कि जिले के स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार, 100 शैय्या का हास्पिटल निर्माण आदि मांगों को लेकर पिछले दिनों जिले में वृहद हस्ताक्षर अभियान चलाया गया था। उस बाबत जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजा गया। उन्होंने कहा कि आशा



करते हैं कि राज्यपाल द्वारा मामले को संज्ञान में लेते हुए मांगों को पूरा किया जाएगा। ताकि जनपदवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सके। लेकिन इसके बावजूद भी मांगों को पूरा नहीं किया गया तो इसके लिए आंदोलन किया जाएगा। हजारों की संख्या में युवाओं को साथ में लेकर भूख हड़ताल पर बैठेंगे और जब तक मांगे पूरी नहीं की जाती। वह भूख हड़ताल जारी रहेगा। इस मौके पर सुशील पाठक, शिवनरेश यादव, किशन सिंह, शशि पासी, मनीष कुमार, प्रभाकर सिंह व महेंद्र यादव आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

## विद्युत जन अदालत में तीन शिकायतों का हुआ निस्तारण

**भदोही।** विद्युत वितरण खंड प्रथम कार्यालय भदोही में सोमवार को विद्युत उपभोक्ता व्यथा निवारण फोरम की ओर से जन अदालत का आयोजन किया गया। जिसमें तीन उपभोक्ताओं ने फोरम के समक्ष अपनी शिकायत को प्रस्तुत किया। इस दौरान जो तीन उपभोक्ताओं ने फोरम के समझ अपनी शिकायतों को प्रस्तुत किया। वह सभी शिकायतें नए दाखिल हुए थे। फोरम के सचिव अवधेश पासवान ने बारी-बारी से तीनों शिकायती पत्रों को पढ़ा और उसके बारे में उन उपभोक्ताओं से बात की। साथ ही विभागीय अधिकारियों से बातचीत कर उन्होंने सभी शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया। इस मौके पर विभाग के अधिशासी अभियंता अभिषेक सिंह यादव, विभागीय पैरोकार संतोष कुमार श्रीवास्तव, पेशकार एके श्रीवास्तव व गजाधर आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति : बेटियों को दी महत्वपूर्ण नंबरों की जानकारी

## मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत भरवाए गए फार्म

**अखंड भारत संदेश**

**भदोर्ही।** महिला की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए मिशन शक्ति अभियान फेज-तीन (तृतीय चरण) के तहत आठ अगस्त से 31 दिसंबर तक अभियान चलाया जा रहा है। उक्त अभियान के क्रम में जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी के आदेश के क्रम में सोमवार को महिला कल्याण विभाग द्वारा कैंप लगाया गया।

मिशन शक्ति अभियान के तहत विकास खंड अभौली के पूर्व माध्यमिक विद्यालय के गौरा जं0 में आयोजित कैंप में लोगों को बालिकाओं, महिलाओं के उत्थान और सुरक्षा के संबंध में चलाई जा रही तमाम योजनाओं की जानकारी दी गई। विद्यालय में आयोजित स्वावलंबन कैंप में लाभार्थियों को मुख्यमंत्री कन्या



सुमंगला योजना के फॉर्म भरवाए गए, साथ ही महिलाओं एवं बालिकाओं को महिला कल्याण विभाग की प्रमुख योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, वन स्टॉप सेंटर, पति की मृत्युपरांत निराश्रित महिला पेंशन योजना की जानकारी दी गई, साथ ही बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के अन्तर्गत कन्या को बेबी किट प्रदान की गई। लोगों को जागरुक करते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबर 181, 1098, 1090, 1076, 102, 108 और 112 के बारे में विस्तार पूर्वक लोगों को जानकारी देकर जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम में महिला शक्ति केंद्र की जिला समन्वयक रेशमा भारती, प्रियंका गुप्ता, जिला बाल संरक्षण इकाई से महेन्द्र गुप्ता, आंगनबाड़ी, चाइल्ड लाइन 1098, बाल विकास परियोजना अधिकारी अभौली से लोग मौजूद रहे।

# विधानसभा चुनाव में भाजपा के साथ ही रहेंगे ब्राह्मण : पप्पू तिवारी

## समाज को भयमुक्त बनाये रखने और विकास को लेकर यूपी में भाजपा सरकार जरूरी

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही।** चुनाव नजदीक आते ही सपा बसपा जैसी जातिवादी पार्टियां ब्राह्मणों को लुभाने में जुट गयी हैं और बोल रही हैं कि ब्राह्मणों को सम्मान दिया जायेगा, लेकिन अपना वजूद खों चुकी इन पार्टियों को शायद पता नहीं है कि ब्राह्मण किसी सम्मान का भूखा नहीं है वह खुद देश और समाज को सम्मान और स्वाभिमान से जीने का मार्ग दिखाता है। आगामी दिनों में भदोही में विशाल ब्राह्मण सम्मेलन का आयोजन किया



जायेगा और उत्तरप्रदेश का ब्राह्मण समाज आने वाले चुनाव में दिखा देगा कि वह भाजपा के साथ है।

उक्त बातें भाजपा के वरिष्ठ ब्राह्मण नेता राकेश उर्फ पप्पू तिवारी ने अपने आवास पर पत्रकारों से हुई बातचीत में कही। श्री तिवारी ने कहा कि जाति के नाम पर राजनीति करने वाली सपा बसपा जैसी पार्टियों ने प्रदेश का बहुत नुकसान किया है। इनकी सरकार जब भी रही हमेश जाति विशेष को प्राथमिकता दी गयी जिसके कारण समाज में विध्वंस पैदा हुआ। पूर्व में ब्राह्मणों ने अपना वोट देकर मायावती को प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाया लेकिन फर्जी मुकदमें में ब्राह्मणों को फंसाकर जेल भेजने का काम किया गया, जिसे ब्राह्मण समाज कभी भूल नहीं पायेगा।

इसलिये बसपा अब ब्राह्मणों पर डोरे डालना बंद करे। वहीं समाजवादी पार्टी पर प्रहार करते हुये श्री तिवारी ने कहा कि पिछले दिनों भदोही के इनारगांव में शिक्षकों और ब्राह्मणों का खुले मंच से अपमान करके सपा मुखिया अखिलेश यादव ने दिखा दिया कि वे ब्राह्मणों को किस तरह का सम्मान देंगे। खुले मंच पर अपनी उम्र से अधिक ब्राह्मणों और शिक्षकों का पैर छूकर आशीर्वाद लेने की जगह वे अपने पैर पर झुकाने का काम किया है। श्री तिवारी ने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार बनते ही बिना भेदभाव के सभी धर्म और सभी वर्गों का सम्मान किया जा रहा है। सबका साथ सबका विकास की नीति के साथ सबके उत्थान हो रहा है। कहा कि आज सभी धर्म के लोग बिना किसी भय के अपना त्योहार मना रहे हैं। कहा कि अब जाति की बात नहीं होती बल्कि देश और समाज की बात होती है। अब इंसानियत की बात होती है। सभी के सम्मान और स्वाभिमान की बात होती है। कहा कि ब्राह्मण समुदाय ने हमेशा देश और समाज के लिये बलिदान दिया है। कहा भाजपा सरकार में ही देश और प्रदेश सुरक्षित है और भयमुक्त समाज के निर्माण में ब्राह्मण सदैव अग्रण भूमिका निभाता रहा है। इसलिये ब्राह्मण भाजपा को जिताने के लिये कमर कस चुका है।

## नही हो पा रही है साप्ताहिक बंदी, प्रशासनिक अमला फेल

**गोपीगंज।** नगर में कोरोना काल के बाद रविवार के स्थान पर पूर्व निर्धारित मंगलवार को साप्ताहिक बंदी का पालन नही हो पा रहा है। इसका पालन सुनिश्चित कराने में प्रशासनिक अमला भी फेल नजर आ रहा है। उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के पदाधिकारी जिलाधिकारी से मिलकर इसका पालन सुनिश्चित कराने की मांग की है। लाक डाउन के दौरान पूरे देश में साप्ताहिक बंदी रविवार घोषित किया गया था। लाक डाउन के बाद जिलाधिकारी के निर्देश पर जनपद में पूर्व निर्धारित दिन बंदी लागू कर दिया गया। बंदी तो लागू कर दिया गया लेकिन लाक डाउन में भी दुकान खोलने वाले मनबढ़ दुकानदार बंदी का पालन नही कर रहे हैं। जिम्मेदार विभाग इसका पालन सुनिश्चित नही करा पा रहा है। मिर्जापुर रोड, सदर मोहाल ,खड़हट्टी सहित अन्य मोहल्लों के दुकानदार बंदी का पालन नहीं कर रहे हैं, ऐसे में बंदी का पालन कराने में भी सरकारी महकमा फेल साबित हो रहा है। मामले को लेकर व्यापार मंडल भी चिंतित है।

# खानपान और दिनचर्या पर ध्यान जरुरी

## स्वास्थ्य और टीकाकरण शिविर का आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मिशन शक्ति के अंतर्गत बालिका हेल्थ क्लब के तत्वाधान में राष्ट्रीय सेवा योजना, महिला अध्ययन केंद्र और रोवर्स-रेंजर्स के सहयोग से स्वास्थ्य और टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का प्रारंभ प्रो. डॉ. मुरलीधर राम के कर कमलों से हुआ। उन्होंने मेडिकल दल का स्वागत करते हुए छात्राओं को बताया कि सरकार के द्वारा मिशन शक्ति के अंतर्गत छात्राओं और महिलाओं के स्वास्थ्य को सुनिश्चित की जाने का प्रयास किया जा रहा है। जिसमें सभी की भागीदारी आवश्यक है। तभी हम स्वस्थ परिवार और समाज का निर्माण कर पाएंगे। स्वस्थ शरीर वाले व्यक्ति से सुखी इस संसार में और कोई नहीं है। कोरोना संक्रमण के फैलाव को रोकने के लिए टीकाकरण करवाना बेहद आवश्यक है। टीकाकरण करवाकर कोरोना संक्रमण के फैलाव से काफी हद तक बचा जा सकता है। शिविर में सीएचसी, भदोही से मेडिकल ऑफिसर डॉ श्वेता यादव और डॉ गरिमा की अगुवाई में आठ सदस्यीय टीम ने छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य का परीक्षण कर आवश्यक सलाह और दवाएं वितरित की। छात्राओं का वजन और लंबाई नाप कर तद्नुसार खानपान और दिनचर्या के बारे में बताया गया ताकि शरीर और मन स्वस्थ सके। कोविड-19 के विरुद्ध टीकाकरण का कार्य भी किया गया। शिविर से लगभग 200 लोग लाभान्वित हुए। मिशन शक्ति की प्रभारी डॉ श्वेता सिंह और डॉ गौतम गुप्ता ने बताया कि शिविर के आयोजन को सफल बनाने में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी बृजेश कुमार और डॉ अनीश कुमार मिश्र, जनसंपर्क अधिकारी डॉ आशुतोष कुमार श्रीवास्तव, रेंजर्स प्रभारी डॉ भावना सिंह, रोवर्स प्रभारी डॉ रुस्तम अली, महिला अध्ययन केंद्र से डॉ ऋत्विक रंजन सिंह, स्वयंसेवक संदीप गौतम, अनुराग मिश्र, नर्स बंदना देवी, खुशबू एनम गीता, रेनू आदि ने विशेष योगदान दिय। इस अवसर पर डॉ यशवीर सिंह, डॉ अनुराग सिंह, डॉ माया यादव, आशीष जायसवाल, डॉ अंकिता तिवारी, पूनम द्विवेदी, डॉ. अमित, शिखा तिवारी आदि प्राध्यापक गण के साथ पूरा महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

## कार्यक्रम का समापन 19 को

**भदोही।** पतंजलि योग समिति द्वारा विगत डेढ़ महीने से औषधि पौधों का रोपण और वितरण का कार्यक्रम किया जा रहा है। उस कार्यक्रम का समापन नेशनल इंटर कॉलेज भदोही में 19 सितंबर दिन रविवार को होना सुनिश्चित है। इसी क्रम में राज्य प्रभारी संदेश योगी द्वारा वह तहसील प्रभारी अर्चना पांडे द्वारा जिलाधिकारी भदोही को पारिजात का पौधा व पुलिस अधीक्षक को औषधि पुस्तिका भेंट कर आमंत्रित किया गया।

## टोल बूथ में घुसा बेकाबू ट्रक, बाल-बाल बचा कर्मचारी

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही।** 'जाको राखे साइयां मार सके ना कोई', यह कहावत उस समय चरितार्थ हो गई, जब एक बेकाबू ट्रक टोल प्लाजा के डिवाइडर पर चढकर टिकट विंडो से भिड़ गया। इस हादसे में टोल का एक कर्मचारी बाल-बाल बच गया है। यह हादसा जनपद के लालानगर टोल प्लाजा का है। इस घटना को लेकर मौके पर काफी देर तक अफरातफरी का माहौल बना रहा।जानकारी के मुताबिक राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित लालानगर टोल बूथ के अंदर एक कर्मचारी बैठ अपना काम कर रहा था, उसी समय तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित हो गया और डिवाइडर पर चढकर टोल बूथ में घुस गया। महज चंद सेकेंड के हुई इस घटना में टोल कर्मचारी बाल-बाल बच गया। बताया जाता है कि यदि टोल कर्मचारी नरोत्तम सिंह तनिक भी लापरवाही बरतता तो उसकी जान को भी खतरा हो सकता था। इस हादसे को देख टोल पर मौजूद अन्य कर्मचारी भी अपनी-अपनी दिशा में भाग निकले। हादसे के बाद मौके पर जुटे लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की भी जांच की है।

# कालीन नगरी भदोही में गणपति महोत्सव की धूम

## कोरोना को देखते हुए सजाएं गए छोटे पैमाने पर पंडाल

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही।** कालीन नगरी भदोही में इन दिनों गणपति महोत्सव की धूम है। गणपति बप्पा मोरिया मंगल मूर्ति मोरिया की गूंज अब नगर में सुनाई दे रहा है। गणपति महोत्सव मनाने के लिए नगर के विभिन्न स्थानों पर एक दर्जन से अधिक मूर्ति स्थापित की गई है।हालांकि कोरोना महामारी को देखते हुए और गाइडलाइन का पालन करते हुए छोटे पैमाने पर पंडाल सजाए गए हैं। वहीं घरों में भी मूर्ति स्थापित किए गए हैं। मूर्ति और पंडाल को आकर्षक तरीके से सजाया गया है. पंडालों में बेहतरीन लाइटिंग लगाई गई है, जो बेहद आकर्षक लग रहा है। पंडाल को देखने के लिए लोग वहां पहुंच रहे हैं। मूर्ति को स्थापित कर गणपति महोत्सव मनाया जा रहा है। गणपति महोत्सव को लेकर छोटे-छोटे बच्चों में सबसे अधिक उत्साह देखने को मिल रहा है। जहां पर पहुंचकर भक्तों द्वारा विधि-विधान से भगवान गणेश की पूजा की जा रही हैं और उन्हें मोदक का भोग लगाया जा रहा हैं। वैसे गणेश चतुर्थी के दिन पूजा पंडालों व लोगों के घरों में भगवान गणेश की मूर्ति स्थापित की गई थी। 21 सितंबर को मूर्ति का विसर्जन किया जाएगा।

# भाजपा पिछड़ों में फूट डालकर हासिल करना चाहती है सत्ता : रामकिशोर

## सपा ने लगाई बिंद, केवट व मल्लाह के बीच चौपाल, चौपाल लगाकर उनसे किया गया सीधे संवाद

**अखंड भारत संदेश**

**ज्ञानपुर।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर सोमवार को प्रदेश सरकार के पूर्व राज्यमंत्री रामकिशोर बिंद ने ज्ञानपुर के पुरे नगरी व भदोही के निबि चौरा में चौपाल लगाई। जहां पर उन्होंने बिंद, केवट व मल्लाह समाज के लोगों से सीधा संवाद किया। उनको भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के बारे में बताया। साथ ही यूपी विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी को वोट देने की अपील की गई।

इस दौरान पूर्व राज्यमंत्री श्री बिंद ने कहा कि भाजपा पिछड़े समाज की बात तो करती है। लेकिन विडंबना यह है कि इस शासनकाल में पिछडे समाज के लोग और भी



पिछड़ते चले जा रहे हैं। यह सरकार लोकतंत्र की हत्या कर रही है। इनके द्वारा आरक्षण को समाप्त करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा एकदम अंग्रेजों की तरह सत्ता हासिल करने के लिए चाल रही है।

वह पिछड़े समाज के लोगों में फूट डालकर सत्ता पर काबिज होना चाहती है। ऐसे में पिछड़े समाज के लोगों को भाजपा से सावधान करना होगा। पार्टी के जिलाध्यक्ष बाल विद्या विकास यादव ने कहा कि डा.रामनोहर लोहिया का सपना था कि समतामूलक समाज की स्थापना हो। समतामूलक की स्थापना सिर्फ समाजवादी पार्टी व पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ही कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि समाजिक न्याय का आंदोलन जो पार्टी के संरक्षक मुलायम सिंह यादव ने शुरू किया था। उसको आगे बढ़ाने का काम पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव कर रहे हैं। इस मौके पर पार्टी के जिला महासचिव हृदय नारायण प्रजापति, लालचंद बिंद, संतोष यादव, अशोक माली, मसलची बिंद, जावेद खां मुन्ना, श्यामधर यादव व अशोक बिंद आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## सम्पादकीय

# बेरोजगारी की चुनौती

मगर असली पेच बेरोजगारी पर ही फंसा हुआ है। सीएमआईई (सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकॉनमी) के ताजा आंकड़ों के मुताबिक इस साल अगस्त में भी बेरोजगारी दर 8.3 फीसदी रही। पिछले महीने देश भर में 19 लाख लोगों को रोजगार गंवाना पड़ा। नैशनल स्टैटिस्टिकल ऑफिस (एनएसओ) की ओर से जारी किए गए पीरियॉडिक लेबर फोर्स सर्वे (पीएलएफएस) के ताजा आंकड़ों के मुताबिक अक्टूबर से दिसंबर 2020 की तिमाही में शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी दर 10.3 फीसदी रही। ये लगातार तीसरी तिमाही रही, जिसमें बेरोजगारी दर दस फीसदी से ऊपर दर्ज की गई, लेकिन हमें यह भी नहीं भूलना चाहिए कि इन तीनों तिमाहियों के दौरान लॉकडाउन के चलते आर्थिक गतिविधियां करीब-करीब ठप हो चुकी थीं। उस असाधारण स्थिति से आहिस्ते आहिस्ते उबरने की कहानी इन आंकड़ों में देखी जा सकती है। इससे ठीक पहले की यानी जुलाई से सितंबर 2020 की तिमाही में शहरी बेरोजगारी दर 13.3 फीसदी थी। हालांकि इससे आगे की अवधि भी कम उतार-चढ़ाव वाली नहीं रही। कठिन दौर को पीछे छोड़कर जब अर्थव्यवस्था पटरी पर आती हुई दिखने लगी थी, तभी कोरोना की दूसरी प्रचंड लहर ने एक बार फिर जैसे सब तहस-नहस कर दिया। वैसे पहले दौर का अनुभव काम आया और महामारी का मुकाबला करते हुए भी सरकारों ने देशव्यापी लॉकडाउन के बदले विभिन्न क्षेत्रों में जरूरत के मुताबिक स्थानीय और सीमित लॉकडाउन की नीति अपनाई, जिससे आर्थिक गतिविधियां भी जहां तक संभव हो सका, चलती रहीं।

इसी का परिणाम था कि दूसरी लहर का कहर थमने के बाद इकॉनमी को दोबारा संभलने में पिछली बार जितनी कठिनाई नहीं हुई। इसी शुक्रवार को जारी इंडेक्स ऑफ इंडस्ट्रियल प्रॉडक्शन (आईआईपी) के आंकड़े इसकी पुष्टि करते हैं। इसके मुताबिक जुलाई के फैक्ट्री उत्पादन में 11.5 फीसदी की बढ़ोतरी को भले इस अर्थ में भ्रामक कहा जाए कि यह पिछले साल के लो बेस इफेक्ट की वजह से बेहतर दिख रहा है, लेकिन यह तथ्य जरूर उत्साह बढ़ाने वाला है कि औद्योगिक उत्पादन महामारी से पहले वाले स्तर को छूने लगा है। निश्चित रूप से यह भारतीय अर्थव्यवस्था की बुनियादी मजबूती का संकेतक है। मगर असली पेच बेरोजगारी पर ही फंसा हुआ है। सीएमआईई (सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकॉनमी) के ताजा आंकड़ों के मुताबिक इस साल अगस्त में भी बेरोजगारी दर 8.3 फीसदी रही। पिछले महीने देश भर में 19 लाख लोगों को रोजगार गंवाना पड़ा। जाहिर है, इस स्थिति में लोगों की क्रय शक्ति तो कम होती ही है, उनकी क्रय-इच्छा पर भी इसका विपरीत प्रभाव पड़ता है। आसपास के लोगों की नौकरियां जाते देख जिनकी नौकरियां नहीं गई हैं, उनका मन भी आशंकित हो जाता है। नतीजतन, जरूरत और क्षमता होते हुए भी वे खरीदारी की योजना स्थगित कर देते हैं। मांग की कमी की समस्या से जूझती अर्थव्यवस्था के लिए यह स्थिति अच्छी नहीं कही जा सकती। सरकार द्वारा कुछ दिनों पहले घोषित मॉनिटाइजेशन पॉलिसी के पीछे निवेश बढ़ाकर आर्थिक विकास दर तेज करने और रोजगार के मौके बनाने की मंशा है। लेकिन सही मंशा काफी नहीं है। चुनौती तो इस मंशा को अमली जामा पहनाते हुए जमीन पर उतारने की है।

# जाति जनगणना होनी चाहिए, मान जाए सरकार

**बादल सरोज**

मान लेते हैं कि आपको वैसे लोगों की मदद करनी है, जो किसी संगठन या समूह से होने का दावा करते हैं। वे आपसे अलग आर्थिक, सामाजिक हैसियत रखते हैं। आपसे कम पढ़े-लिखे हैं। तो आप मदद करने से पहले यह नहीं जानना चाहेंगे कि उस समूह में किसे सबसे अधिक सपोर्ट की जरूरत है या पहले जो मदद आपने की थी, उसका किस तरह से इस्तेमाल हुआ और आप जो मदद दे रहे हैं, वह कैसे उन लोगों तक पहुंच रही है ईमानदारी का तकाजा तो यही है कि आप ये सवाल पूछें।

यही बात जाति जनगणना पर भी लागू होती है। 1992 में मंडल कमिशन की रिपोर्ट लागू हुई। इस रिपोर्ट के आधार पर एक कानून बना, जिससे सरकारी नौकरियों में ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण मिला। इसी कानून के आधार पर साल 2006 से इस वर्ग के लोगों को केंद्रीय शैक्षणिक संस्थानों में भी रिजर्वेशन दिया गया। मंडल कमिशन की रिपोर्ट लागू होने से पहले अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति यानी एससी-एसटी को 23 प्रतिशत आरक्षण मिला हुआ था। इस रिपोर्ट के आधार पर ओबीसी के लिए अलग से 27 प्रतिशत रिजर्वेशन की व्यवस्था की गई। अब अगर ओबीसी आरक्षण देश का कानून है तो क्या सरकार को इस मामले में वही सवाल नहीं पूछना चाहिए, जो कोई व्यक्ति किसी समूह या संगठन की मदद करने से पहले पूछता है अगर यह सवाल पूछा जाए तो आपका जवाब यही होगा कि हां, ऐसा करना चाहिए। इसलिए हर 10 साल में जाति जनगणना होनी ही चाहिए। इससे ओबीसी की संख्या पता चलेगी। इस वर्ग में अलग-अलग जातियों की आर्थिक हैसियत क्या है, कैसी शिक्षा मिली है और दूसरी डेमोग्राफिक जानकारियां भी मिलेंगी। जाति जनगणना से पता चलेगा कि कहीं आरक्षण का लाभ कुछ ओबीसी जातियों को तो नहीं मिल रहा है और कौन सी जातियां हैं, जिन्हें इसका फायदा नहीं मिल पा रहा है एससी-एसटी के बारे में इस तरह की जानकारी मिलने से सरकार को नीतियों में बदलाव करने का आधार मिला। नीतियां बदलकर कोशिश की गई कि दोनों ही समूहों में अलग-अलग जातियों को बराबरी का लाभ मिल सके।

इसीलिए पिछड़ा वर्ग आयोग ने जाति जनगणना की सिफारिश की और सामाजिक न्याय मंत्रालय की संसदीय समिति ने इसे माना। फिर भी बीजेपी सरकार इसका विरोध कर रही है या कम से कम उसने अपने इरादे नहीं बताए हैं। ओबीसी जनगणना की मांग को लेकर बिहार से एक डेलीगेशन हाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिला। इस डेलीगेशन में नीतीश कुमार और उनके राजनीतिक विरोधी तेजस्वी यादव दोनों ही शामिल थे। हमें बताया गया कि प्रधानमंत्री इस मांग पर सोच-विचार कर रहे हैं, लेकिन संबंधित मंत्री ने संसद में दो टूक कहा कि सरकार ऐसी जनगणना नहीं कराएगी।

ओबीसी जनगणना की मांग जायज है, फिर बीजेपी इसके खिलाफ क्यों है इसके पक्ष में एक तर्क यह दिया जा सकता है कि जाति जनगणना का काम बहुत मुश्किल है, लेकिन इस दलील में दम नहीं। जब एससी-एसटी की जनगणना की जा सकती है तो ओबीसी की क्यों नहीं! हद से हद इसके लिए जनगणना से जुड़े सवालों में एक और कॉलम जोड़ना होगा। जाति जनगणना के विरोध में यह तर्क भी दिया जाता है कि इससे सामाजिक तनाव बढ़ेगा। यह भी खोखली बात है। डॉ भीमराव आंबेडकर ने 'जातियों को खत्म' करने की ख्वाहिश का इजहार किया था, लेकिन उन्होंने यह नहीं कहा था कि जातियों का वजूद ही नहीं है। बेशक, आंबेडकर के मन में इसे लेकर डर था। उन्होंने 1947 में कहा था कि जाति जनगणना में 'एससी को कॉमन विक्टिम बनाया जा सकता है। दूसरे समुदायों की लालच की वजह से ऐसा हो सकता है। आखिर जनगणना की प्रक्रिया पर उनका नियंत्रण होगा और वे लालच के कारण इसके नतीजों को प्रभावित कर सकते हैं।' आंबेडकर के मन में जनगणना के तौर तरीकों को लेकर संदेह था, जिसे आज ईमानदार जनगणना करके बड़ी आसानी से दूर किया जा सकता है। इसके खिलाफ बीजेपी की दूसरी दलील वैचारिक है। आरएसएस अरसे से 'हिंदुत्व पहचान' की बात करता आया है, जिसमें जातियों की कोई जगह नहीं होगी। वह इस तरह से हिंदुओं को एकजुट करना चाहता है। एक लक्ष्य के रूप में इसमें कुछ भी गलत नहीं है, लेकिन भारत की सचाई कुछ और ही है। इस सचाई को बीजेपी-आरएसएस के नेता बखूबी समझते हैं, तभी तो चुनावों में वे जातीय समीकरणों का अपने हक में इस्तेमाल करते आए हैं। तीसरा कारण इसी चुनावी चक्कर से जुड़ा है। बीजेपी ने हाल में ओबीसी को गोलबंद करने की कोशिश की है। इस वर्ग से 44 प्रतिशत वोट उसे मिले हैं, लेकिन चुनावी कामयाबी के लिए वह काफी हद तक सवर्णों के भरोसे है। अगड़ी जातियों का 60 प्रतिशत वोट उसे मिलता है। इसलिए बीजेपी ओबीसी वोट तो चाहती है, लेकिन अगड़ी जातियों का समर्थन गंवाए बिना। अब दिक्कत यह है कि अगड़ी जातियां ओबीसी को और आरक्षण देने का विरोध करेंगी, भले ही जाति जनगणना से उसका आधार बने। वे पहले भी ऐसा विरोध कर चुकी हैं।

क्या देश की जमीनी हकीकत और अगड़ी जातियों की सोच के बीच कोई मेल है सचाई तो यह है कि देश की कुल आबादी में अगड़ी जातियां 20 प्रतिशत हैं, लेकिन पावर और प्रिविलेज में उनकी हिस्सेदारी 80 प्रतिशत है। जाति जनगणना से उनके इस दबदबे को चुनौती मिल सकती है और यह ठीक ही होगा। आखिरी जाति जनगणना सन 1931 में हुई थी। ऐसी जनगणना फिर से होती है तो सरकार को सामाजिक योजनाओं से बेहतर नतीजे हासिल करने में मदद मिलेगी। इसी कारण से दूसरे देशों में भी जनगणना की जाती है। अमेरिका में नस्लीय आधार पर ऐसी मदद दी जाती है। ब्रिटेन में प्रवासी कहां से आए हैं, इस आधार पर सरकार से उन्हें हेल्प मिलती है। भारत में सामाजिक गैर-बराबरी बहुत ज्यादा है, जिसे दूर करने के लिए जाति जनगणना की जरूरत है। इसका वक्त आ गया है और यह काम ईमानदारी से किया जाना चाहिए।

# मुख्यमंत्री को बीच में ही बदलने का जोखिम आखिर क्यों उठाती हैं पार्टियाँ

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

लोकतंत्र को जातिवाद के भूत से कब मुक्ति मिलेगी, कहा नहीं जा सकता। 2017 के चुनाव में गुजरात में मिली कम सीटों ने भाजपा के कान पहले से खड़े कर रखे थे। यदि अगले चुनाव में भाजपा के हाथ से गुजरात खिसक गया तो दिल्ली को बचाना मुश्किल हो सकता है। भारत की दोनों प्रमुख अखिल भारतीय पार्टियों– भाजपा और कांग्रेस में आजकल जोर की उठापटक चल रही है। यदि कांग्रेस में पंजाब और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्रियों के बदलने की अफवाहें जोर पकड़ रही हैं तो पिछले छह माह में भाजपा ने अपने पाँच मुख्यमंत्री बदल दिए हैं। ताजा बदलाव गुजरात के मुख्यमंत्री विजय रूपाणी का है। इसके पहले असम में सर्वानंद सोनोवाल, कर्नाटक में बीएस येदियुरप्पा और उत्तराखंड में त्रिवेंद्र सिंह रावत और तीरथ सिंह रावत को बदल दिया गया। असम के अलावा इन सभी राज्यों में जल्दी ही चुनाव होने वाले हैं। चुनावों की तैयारी साल-डेढ़ साल पहले से होने लगती है।

यहां असली सवाल है कि पुराने मुख्यमंत्री को चलता कर देने और नए मुख्यमंत्री को ले आने का प्रयोजन क्या होता है  यह प्रायः तभी होता है, जब पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को ऐसा लगने लगता है कि जनता के बीच उसकी दाल पतली हो रही है। यदि चुनाव जीतना है तो अन्य पैंतरे तो हैं ही, जरूरी यह भी है कि जनता के सामने कोई ताजा चेहरा भी लाया जाए। अब जैन रूपाणी की जगह कोई पटेल चेहरे की तलाश क्यों हो रही है  क्योंकि गुजरात में पटेलों के 13 प्रतिशत थोक वोट की आमदनी के लिए भाजपा की लार टपक रही है। राष्ट्रवादी भाजपा पार्टी की चिंताएं भी वही हैं, जो देश की अन्य जातिवादी और सांप्रदायिक पार्टियों की होती हैं। उसे भी जातियों के थोक वोट चाहिए। भारतीय लोकतंत्र को जातिवाद के इस भूत से कब मुक्ति मिलेगी, कहा नहीं जा सकता। 2017 के चुनाव में गुजरात में मिली कम सीटों ने भाजपा के कान पहले से खड़े



कर रखे थे। यदि अगले चुनाव में भाजपा के हाथ से गुजरात खिसक गया तो दिल्ली को बचाना मुश्किल हो सकता है। मुख्यमंत्रियों को तड़ातड़ बदलने का एक अदृश्य अर्थ यह भी है कि हमारी अखिल भारतीय पार्टियों के शीर्ष नेतृत्व का विश्वास खुद पर से हिल रहा है। उन्हें लग रहा है कि वे इन राज्यों का चुनाव अपने दम पर शायद जीत नहीं पाएंगे। यदि उन्हें खुद पर आत्म-विश्वास होता तो कोई मुख्यमंत्री किसी भी जाति का हो और उसका कृतित्व बहुत प्रभावशाली न भी रहा हो तो भी वे अपने दम पर चुनाव जीतने का माद्दा रख सकते हैं। फिलहाल, नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की तुलना, कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व से नहीं की जा सकती। यह एक अकाट्य तथ्य है कि मोदी को हिला सके, ऐसा कोई नेता आज भी देश में नहीं है लेकिन यदि कोई खुद ही हिला हुआ महसूस करे तो आप क्या कर सकते हैं। कोरोना की महामारी, लंगड़ाती अर्थ-व्यवस्था, अफगानिस्तान पर हमारी अकर्मण्यता और विदेश नीति के मामले में अमेरिका का अंधानुकरण यह बताता है कि मोदी सरकार से राष्ट्र को जो अपेक्षाएं थीं वे अभी पूरी होनी बाकी हैं।

# मोदी सरकार की नीतियों की बदौलत देश में तेजी से बढ़ रहे रोजगार के अवसर

**राजेंद्र शर्मा**

भारतीय स्टेट बैंक द्वारा जारी किये गये एक रिसर्च प्रतिवेदन में भी बताया गया है कि भारत में अप्रैल-जून 2021 की तिमाही में राष्ट्रीय पेंशन योजना एवं कर्मचारी प्रॉविडेंट फंड योजना (एनपीएस एवं ईपीएफओ) में 30.74 लाख पेरोल जोड़े गए। कोरोना महामारी के दौर में भारत ही नहीं बल्कि विश्व के लगभग सभी देशों में बेरोजगारी की दर में बेतहाशा वृद्धि दृष्टिगोचर हुई थी। परंतु, भारत ने कोरोना महामारी के द्वितीय दौर के बाद जिस तेजी से अपनी अर्थव्यवस्था में बेरोजगारी की दर को कम करने में सफलता पाई है, वह निश्चित ही तारीफ के काबिल है। हालांकि तेज गति से बढ़ रहे रोजगार के अवसरों में भारत में हाल ही में प्रारम्भ हुए त्योहार के मौसम का भी योगदान है। देश में त्योहारी मौसम में आर्थिक गतिविधियों में वृद्धि दृष्टिगोचर होती है। परंतु, ईपीएफओ एवं एनपीएस के पेरोल के आंकड़े देखने पर ज्ञात होता है कि रोजगार के अधिक नए अवसर औपचारिक (फोर्मल) क्षेत्र में भी निर्मित हो रहे हैं, इस क्षेत्र में श्रमिकों को न केवल निश्चित दर पर वेतन एवं मजदूरी प्राप्त होती है बल्कि अन्य कई प्रकार के लाभ यथा प्रॉविडेंट फंड में योगदान एवं स्वास्थ्य सुविधाएं भी नियोक्ता अथवा सरकार की ओर से उपलब्ध होती हैं। जबकि अनौपचारिक क्षेत्र में कई बार न्यूनतम मजदूरी से भी कम मजदूरी श्रमिकों को प्राप्त होती है, अन्य सुविधाएं तो प्राप्त ही नहीं होती हैं। इस प्रकार, देश में औपचारिक क्षेत्र में अधिक से अधिक रोजगार निर्मित होना एक बहुत अच्छी उपलब्धि मानी जानी चाहिए।

भारतीय अर्थव्यवस्था की निगरानी करने वाले केंद्र (सीएमआईई) द्वारा हाल ही में जारी किये गए आंकड़ों के अनुसार, जुलाई 2021 माह में 1 करोड़ 60 लाख रोजगार के नए अवसर भारत में निर्मित हुए हैं। यह कोरोना महामारी के द्वितीय दौर के बाद भारतीय अर्थव्यवस्था के तेजी से वापिस पटरी पर आने के कारण सम्भव हुआ है। कृषि के क्षेत्र में 1 करोड़ 12 लाख रोजगार के नए अवसर निर्मित हुए हैं एवं निर्माण के क्षेत्र में 54 लाख रोजगार के नए अवसर निर्मित हुए हैं तो सेवा क्षेत्र में 5 लाख तथा विनिर्माण के क्षेत्र में 8 लाख रोजगार के नए अवसर निर्मित हुए हैं। सीएमआईई के अनुसार, कृषि के क्षेत्र में पैदा हुए रोजगार के अवसर अल्प अवधि के रोजगार हो सकते हैं परंतु देश में आर्थिक गतिविधियों में हो रही तेज गति से वृद्धि के चलते आगे आने वाले समय में यह अल्प अवधि के रोजगार के अवसर अन्य क्षेत्रों यथा सेवा, निर्माण एवं विनिर्माण में लम्बी अवधि के रोजगार के अवसरों में परिवर्तित हो सकते हैं। जोकि देश के लिए एक अच्छी खबर होनी चाहिए।  दूसरी ओर, एक अन्य संस्थान द्वारा जारी किए गए सर्वे के अनुसार सूचना प्रौद्योगिकी कम्पनियों ने वित्तीय वर्ष 2021-22 के शेष समय में विभिन्न महाविद्यालयों (आईटी एवं प्रबंधन) के कैम्पस से भारी मात्रा में भर्तियों की योजना बनाई है। नई भर्ती के यह आंकड़े कोविड महामारी के पूर्व के स्तर (फरवरी 2020) से कहीं अधिक हैं। जैसे, टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज 40000ह, इनफोसिस 35000ह, कागनिजेंट 45000ह, विप्रो 30000ह एवं एचसीएल टेक्नॉलजी 30000ह आदि कम्पनियां तकनीकी क्षेत्र में नई भर्ती किए जाने की योजना बना रही हैं। इसके साथ ही, देश के 10 शीर्ष निजी क्षेत्र के औद्योगिक घरानों में भी कर्मचारियों की संख्या में लगातार वृद्धि दृष्टिगोचर हो रही है। एक अनुमान के अनुसार, टाटा समूह की कम्पनियों में 750,000 कर्मचारी कार्यरत हैं तो लारसन एंड टोब्रो समूह में 338,000 कर्मचारी, इनफोसिस समूह में 260,000 कर्मचारी, महिंद्रा एंड महिंद्रा समूह में 260,000 कर्मचारी, रिलायंस इंडस्ट्रीज समूह में 236,000 कर्मचारी, विप्रो समूह में 210,000 कर्मचारी, एचसीएल समूह में 167,000 कर्मचारी, एचडीएफसी बैंक में 120,000 कर्मचारी आइसीआइसीआइ बैंक में 97,000 कर्मचारी एवं टीवीएस समूह में 60,000 कर्मचारी कार्यरत हैं। इन औद्योगिक समूहों में नए कर्मचारियों की भर्ती भी भारी संख्या में की जा रही है। अब भारत के लिए भी यह कहा जा सकता है कि सरकारी क्षेत्र के साथ-साथ निजी क्षेत्र में भी निवेश बढ़ रहा है एवं इससे निजी क्षेत्र में भी रोजगार के नए अवसर भारी मात्रा में निर्मित हो रहे हैं, जोकि देश के लिए एक अच्छा संकेत है। भारतीय स्टेट बैंक द्वारा जारी किये गये एक रिसर्च प्रतिवेदन में भी बताया गया है कि भारत में अप्रैल-जून 2021 की तिमाही में राष्ट्रीय पेंशन योजना एवं कर्मचारी प्रॉविडेंट फंड योजना (एनपीएस एवं ईपीएफओ) में 30.74 लाख पेरोल जोड़े गए। इनमें 16.3 लाख नए पेरोल जोड़े गए एवं 11.8 लाख पुराने पेरोल को पुनः प्रारम्भ किया गया अर्थात कोरोना महामारी के चलते जिन लोगों ने अपने रोजगार को खो दिया था उनका रोजगार पुनः प्रारम्भ हो गया है एवं इस प्रकार, उनके पुराने पेरोल पुनः प्रारम्भ हो गए हैं। कोरोना महामारी के प्रथम एवं द्वितीय दौर से बाहर निकलकर आर्थिक गतिविधियों में सुधार के चलते अब आगे आने वाले समय में देश में रोजगार के नए अवसर तेज गति से निर्मित होने की सम्भावना भी कई अन्य रोजगार पोर्टल कम्पनियों द्वारा भी व्यक्त की गई है। केंद्र सरकार द्वारा लगातार किए जा रहे प्रयासों के चलते बेरोजगारी की दर में भी अब कमी देखी गई है। सीएमआईई (ण्श्ध्ं) इंडिया बेरोजगारी दर जो अप्रैल 2020 में 27.11 प्रतिशत के अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गई थी, वह मार्च 2021 में गिरकर 6.52 प्रतिशत तक नीचे आ गई थी। परंतु कोरोना महामारी के दूसरे दौर के बाद बेरोजगारी की दर पुनः 9.4 प्रतिशत के उच्चतम स्तर पर एवं शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी की दर 10.3 प्रतिशत के उच्चतम स्तर एवं ग्रामीण इलाकों में बेरोजगारी की दर 8.9 प्रतिशत के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई थी, जिसमें अब काफी सुधार दृष्टिगोचर हुआ है। अब देश के कुछ क्षेत्रों में तो कुछ समय पूर्व तक श्रमिक उपलब्ध ही नहीं हो पा रहे थे। जैसे तिरुपुर, जो देश का सबसे बड़ा वस्त्र उत्पादन केंद्र है, में कुल श्रमिकों की क्षमता के मात्र 60 प्रतिशत श्रमिक ही उपलब्ध हो पा रहे थे। इसी प्रकार सूरत में, जहां रत्न एवं आभूषण निर्माण की 6,000 इकाईयां कार्यरत हैं एवं जहां 400,000 से अधिक बाहरी श्रमिक कार्य करते हैं, में भी 40 प्रतिशत श्रमिक अभी भी काम पर नहीं लौटे थे। चेन्नई के चमड़ा उद्योग में भी 20 प्रतिशत कम श्रमिकों से काम चलाया जा रहा था। देश में दरअसल उद्योगों में तो पूरे तौर पर उत्पादन कार्य प्रारम्भ हो चुका है परंतु श्रमिक अभी भी अपने गांवों से वापिस इन उद्योगों में काम पर नहीं लौटे हैं। इस प्रकार कुछ क्षेत्रों में रोजगार के अवसर तो उपलब्ध हैं परंतु श्रमिक उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं।

# अभी खत्म नहीं हुआ मेसी से रोनाल्डो का मुकाबला

इंग्लैंड की मैनचेस्टर यूनाइटेड, यानी रेड डेविल्स क्लब में लौटने के बाद फुटबॉल स्टार क्रिस्टियानो रोनाल्डो के फैंस और फुटबॉल प्रेमियों में एक नया उत्साह देखा जा रहा था। इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) में शनिवार को मैनचेस्टर यूनाइटेड बनाम न्यूकैसल क्लब के बीच मैच खेला गया। इस क्लब में लौटने के बाद यह उनका डेब्यू मैच था। लगातार दो गोल दागकर रोनाल्डो ने धमाकेदार शुरुआत की। अपने पूर्व परिचित अंदाज में गोल दागते ही घूम कर जब इन्होंने 'शूष्ठ' की आवाज निकाली, तो वह दृश्य देखते ही बन रहा था। इस मैच से मैनचेस्टर यूनाइटेड ने 4-1 से बढ़त बनाई। अपने डेब्यू मैच की जीत पर रोनाल्डो ने कहा है कि इस सीजन के प्रीमियर लीग या चैंपियंस लीग को जीतना है तो मैनचेस्टर यूनाइटेड को और 'मच्यौर' होना होगा। इटली के जुवेंटस फुटबॉल क्लब से अभी रोनाल्डो का कॉन्ट्रैक्ट एक साल बाकी था, फिर भी उन्होंने क्लब को छोड़ दिया। इस क्लब ने रोनाल्डो के रहते इटालियन लीग 'सीरी ए टीम' जैसे बड़े टाइटल को जीता। जुवेंटस क्लब को भरोसा हो आया था कि रोनाल्डो के रहते यूईएफए चैंपियन लीग जीता जा सकता है। फिर भी रोनाल्डो ने जुवेंटस के साथ करार क्यों खत्म किया। इस राज को जानने के लिए रोनाल्डो के महात्वाकांक्षी स्वभाव को भी पढ़ना होगा। उन्हें अपने ब्रैंड और विरासत की बहुत परवाह है। उन्हें भरोसा है कि अगर वह अगले दो या तीन सीजन एक ऐसी टीम के साथ बिताएं जो उन्हें बड़ी ट्रॉफी जीतने में मदद करे, तो मेस्सी और पीएसजी को पीछे छोड़ सकते हैं। जुवेंटस के साथ यह सब होने वाला नहीं था। इसी बीच इंग्लैंड की मैनचेस्टर यूनाइटेड और मैनचेस्टर सिटी दोनों ही क्लबों से उन्हें न्यौता आया। लेकिन उनकी पसंद बना मैनचेस्टर यूनाटेड।

मैनचेस्टर यूनाइटेड ने अपने एक ट्वीट में लिखा- ेंम्दस प्दस,ॅ ऐर्हद. रोनाल्डो ने मैनचेस्टर यूनाइडेट से 2003 में जुड़े थे। यही पर उन्हें सर एलेक्स फर्ग्युसन जैसे मैनेजर मिले थे, जिन्हे वह फादर फीगर मानते थे। लिहाजा इस क्लब से उनका एक अलग लगाव है। 2018 में फ्रांस की ऐतिहासिक जीत के हीरो बने डिफेंडर राफेल वरान और बोरुशिया डॉर्टमंड के दिग्गज खिलाड़ी जेडन सैंचो भी क्लब से आ जुड़े हैं। एक मजबूत टीम के साथ खेलना उनके लिए फायदे का सौदा लगा। रोनाल्डो का शुरुआती जीवन संघर्षपूर्ण, पर यादगार रहा। बचपन में जब कभी वह शॉट लगाते और गोलपोस्ट में बॉल नहीं जाती, या फिर साथी खिलाड़ी उनके आसऑन के बाद गोलपोस्ट में बॉल नहीं डाल पाते तो वह रोने लगते थे। इसलिए उन्हें 'क्राई बेबी' कहकर उनके साथी चिढ़ाते थे। क्रिस्टियानो जब 14 साल के थे, तभी एक बार स्कूल में उनके टीचर ने उनके एक्सेंट (उच्चारण), उनके गांव मदीरा और परिवार को लेकर मजाक उड़ाया। गुस्से में आकर उन्होंने टीचर की तरफ कुर्सी उछाल दी। उन्हें स्कूल छोड़ना पड़ा। लेकिन अपने पसंदीदा खेल फुटबॉल ने उन्हें अपनी तरफ खींच लिया। पहले पुर्तगाल के ही डेस्पोर्टिवो नैशनल क्लब, मदीरा से खेलना शुरू किया और फिर 2002 से स्पोर्टिंग क्लब डी पुर्तगाल से जुड़ गए, जो स्पोर्टिंग लिस्बन के नाम से जाना जाता है। अपनी खेल प्रतिभा के दम पर उन्होंने 2003 में मैनचेस्टर यूनाइटेड में जगह बना ली। पांच बार बालों दे'ऑर (सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन) का खिताब पाने वाले 36 वर्षीय इस खिलाड़ी उनकी जर्सी की बात भी जुड़ी होती है। जर्सी पर लिखा नंबर 7 उनकी पहचान है। यह पहचान उनके क्लब और देश के साथ भी जुड़ी हुई है।

# जनांदोलन बनता किसान आंदोलन

**जयशंकर गुप्त**

किसान नेताओं का मानना है कि कृषि कानूनों के अमल में आने पर किसानों का उनकी जमीन और उपज पर भी हक नहीं रह जाएगा। कार्पोरेट ताकतों को कृषि पर कब्जा करने का हक मिल जाएगा। इस बीच भारत सरकार के अधीन राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के ताजा सर्वेक्षण ने बताया है कि देश में खेती-बाड़ी करने वाले आधे से अधिक परिवार कर्ज के बोझ से दबे हैं।  भारत सरकार के तीन नए कृषि कानूनों के विरोध में पिछले 9-10 महीनों से दिल्ली और देश के अन्य हिस्सों में किसान शांतिपूर्ण और अहिंसक आंदोलन कर रहे हैं। सरकार के साथ किसान नेताओं की कई दौर की बातचीत कृषि कानूनों को वापस नहीं लेने, यहां तक कि उसमें फेरबदल पर भी राजी नहीं होने वाली सरकार की जिद के कारण बेनतीजा ही रही है। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे संयुक्त किसान मोर्चा ने एक स्वर से घोषित किया है कि किसान अपनी मांगें पूरी होने यानी कृषि कानूनों की वापसी होने तक घर लौटने वाले नहीं हैं। चाहे इसके लिए उन्हें अपने  संघर्ष को  2024 तक या उससे आगे भी क्यों न खींचना पड़े।

हरियाणा के करनाल में संघर्षरत किसानों को मिली तात्कालिक कामयाबी से भी किसान नेताओं का मनोबल बढ़ा है। गौरतलब है कि 28 अगस्त को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के करनाल आगमन का विरोध कर रहे किसानों पर पुलिस के बर्बर लाठीचार्ज के बाद किसानों ने अपनी मांगें पूरी होने तक करनाल में मिनी सचिवालय के सामने डेरा डाल दिया था। किसानों के दबाव में आई हरियाणा सरकार और किसान नेताओं के बीच बनी सहमति के बाद किसानों ने मिनी सचिवालय से अपना धरना हटा लिया है। सरकार ने 28 अगस्त के पुलिस लाठी चार्ज की न्यायिक जांच पूर्व न्यायाधीश से करवाने, एक महीने के भीतर जांच रिपोर्ट पेश करने, पुलिस लाठीचार्ज के बाद मरे घायल किसान के परिवार के दो लोगों को सरकारी नौकरी देने और एसडीएम आयुष सिन्हा को एक महीने के लिए छुट्टी पर भेजने की घोषणा की है।   धर उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में 5 सितंबर को हुई किसानों की महापंचायत ने इस आंदोलन की दिशा बदलनी शुरू कर दी है। तीन कृषि कानूनों की वापसी की मांग के साथ शुरू हुआ किसान आंदोलन अब एक जन आंदोलन का रूप लेने लगा है। किसान नेता अब कृषि कानूनों के विरोध के साथ ही मोदी सरकार पर देश के सरकारी संसाधनों, सार्वजनिक उपक्रमों को अपने चहेते पूंजीपतियों को बेचने का आरोप भी लगाने लगे हैं। इसके साथ ही महंगाई, बेरोजगारी के सवाल भी उठाते हुए किसान नेता वोट की चोट से सत्ता परिवर्तन की बात भी करने लगे हैं। यह भी एक कारण है कि अब किसान आंदोलन के साथ मजदूर और बेरोजगार युवा भी जुड़ते जा रहे हैं। तमाम विरोधी दलों का खुला समर्थन इस आंदोलन के पक्ष में दिखने लगा है। और अब तो सत्तारूढ़ दल भाजपा, इसके सहयोगी और इसे संचालित करने वाले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े भारतीय किसान संघ के लोग भी कृषि कानूनों के विरुद्ध आंदोलित किसानों के पक्ष में बोलने लगे हैं। लेकिन सरकार न जाने किन कारणों से इन सब बातों को अनसुना कर रही है। अलबत्ता पिछले 5 सितंबर को मुजफ्फरनगर में हुई किसानों की महापंचायत और उसमें मंच से सांप्रदायिक सद्भाव को बढ़ाने के इरादे से दिए गए अल्ला हू अकबर, हर हर महादेव और जो बोले सो निहाल, सत सिरी अकाल का नारा लगाकर किसान नेताओं ने भाजपा के चुनावी रणनीतिकारों की नींद उड़ा दी है। उन्हें लगता है कि इस तरह के नारों के साथ किसान नेताओं और खासतौर से राकेश टिकैत के गूंगी-बहरी और संवेदनहीन सरकार को वोट की चोट देने के आह्वान का न सिर्फ उत्तर प्रदेश और पंजाब बल्कि उत्तराखंड विधानसभा के चुनावों में भाजपा की राजनीतिक सेहत पर बुरा असर पड़  सकता है। ाहापंचायत में किसान नेताओं ने इस बात पर अफसोस जाहिर किया कि 2013-14 में वे लोग भाजपा और आरएसएस के द्वारा फैलाए गए भ्रम के झांसे में आ गए थे। गौरतलब है कि 2013 में मुजफ्फरनगर में हुए सांप्रदायिक दंगों ने न सिर्फ पश्चिमी उत्तर प्रदेश बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश और देश के अन्य हिस्सों में भी भाजपा के पक्ष में चुनावी माहौल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इस बार किसान आंदोलन ने न सिर्फ किसानों को बल्कि इन इलाकों में दशकों पुराने सामाजिक सद्भाव और भाईचारे को भी लामबंद किया है। किसानों ने 27 सितंबर को भारत बंद करने की घोषणा भी की है। उनके इस आह्वान को तमाम मजदूर संगठनों का समर्थन भी मिल रहा है।

# यूएई पहुंचते ही डिविलियर्स ने दिखाए तेवर, नेट पर गेंद को खूब कराई आसमान की सैर



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज बल्लेबाज एबी डिविलियर्स ने स्वयं को 'उम्रदराज' व्यक्ति करार दिया, जिन्हें प्रतिस्पर्धी क्रिकेट की मांगों को पूरा करने के लिए जितना संभव हो सके, तरोताजा रहने की जरूरत पड़ती है। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान 37 वर्षीय डिविलियर्स इंडियन प्रीमियर लीग में विराट कोहली की कप्तानी वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर का प्रतिनिधित्व करने के लिए अभी यूएई में हैं। आरसीबी इस समय प्वॉइंट टेबल में तीसरे नंबर पर है और प्लेऑफ में जगह बनाने के बेहद नजदीक है।

आरसीबी ने ट्विटर पर वीडियो पोस्ट किया है जिसमें डिविलियर्स को करारा शॉट लगाकर गेंद को मैदान से बाहर भेजने का प्रयास करते हुए दिखाया गया है। डिविलियर्स ने कहा कि, 'यह शानदार था। विकेट थोड़ा नम था इसलिए यह वास्तव में मुश्किल था। गेंदबाज अच्छी बॉलिंग कर रहे थे और यहां जितनी उमस है, उसमें हमें काफी पसीना बहाना होगा और यह वजन कम करने के लिए अच्छा है लेकिन मुझ जैसे उम्रदराज व्यक्ति के लिए जितना संभव हो सके तरोताजा रहने की जरूरत है।'

बता दें कि आईपीएल को जैव सुरक्षित वातावरण में कोविड-19 के प्रकोप के कारण मई में स्थगित कर दिया गया था और अब यह भारत की जगह यूएई में रविवार से बहाल होगा। आईपीएल 2021 के दूसरे हाफ के पहले मैच में मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स का आमना-सामना होगा होगी। वहीं विराट की कप्तानी वाली आरसीबी अपना पहला मैच अबु धाबी में 20 सितम्बर को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ खेलेगी।

# बीसीसीआई सचिव जय शाह ने किया कन्फर्म, विराट कोहली की जगह रोहित शर्मा को कप्तान बनाए जाने की खबरें बकवास



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आज सुबह से ही इस बात पर लगातार चर्चाएं हो रही थीं कि भारतीय टीम के मौजूदा कप्तान विराट कोहली अक्टूबर-नवंबर में संयुक्त अरब अमीरात और ओमान में होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप के बाद वनडे और टी-20 फॉर्मेट में कप्तानी पद से हट जाएंगे और उनकी जगह लिमिटेड ओवरों में टीम के उप-कप्तान रोहित शर्मा को टीम की कप्तानी सौंपी जाएगी।

लेकिन अब बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने इन तमाम अटकलों पर विराम लगाते हुए स्पष्ट कर दिया है कि ऐसी सभी खबरें बकबास हैं और फिलहाल टीम स्प्लिट कैप्टेंसी को लेकर बिल्कुल भी नहीं सोच रही है। 'क्रिकबज' के हवाले से जय शाह ने कहा कि, 'हमने ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं रखा है और विराट कोहली की कप्तानी में टीम अच्छी तरह आगे बढ़ रही है।' शाह ने यहां बीसीसीआई कोषाध्यक्ष अरुण धूमल के उस बयान पर सहमति जताई, जिसमें उन्होंने कहा था कि, 'लिमिटेड ओवर क्रिकेट में विराट की जगह रोहित को कप्तानी देने की खबरें बकबास हैं। हम इस बात को अच्छे तरीके से समझते हैं कि ऐसा प्रस्ताव भारतीय टीम के हित में नहीं है और वह भी तब जब टीम टी-20 वर्ल्ड कप में भाग लेने जा रही है।'

बीसीसीआई सचिव ने इस दौरान इस बात को भी कन्फर्म किया है कि भारत अगले इंग्लैंड दौरे पर इंग्लिश टीम के खिलाफ दो एक्सट्रा टी-20 मैच खेलने के लिए तैयार है, ताकि इंग्लैंड मैनचेस्टर टेस्ट रद्द होने से हुए घाटे की भरपाई कर सके। बता दें कि अगले साल भारत इंग्लैंड में जुलाई 2022 में तीन-तीन मैचों की टी-20 और वनडे इंटरनेशनल सीरीज खेलने जाएगा।

यह सीरीज 1 जुलाई से 14 जुलाई के बीच खेली जाएगी। ईसीबी की ओर से जारी शेड्यूल के मुताबिक भारत दौरे की शुरुआत 1 जुलाई को ओल्ड ट्रैफर्ड पर टी-20 इंटरनेशनल मैच के साथ करेगा। दो अन्य टी-20 मुकाबले ट्रेंट ब्रिज (3 जुलाई) और एजियास बाउल (6 जुलाई) में खेले जाएंगे। तीन मैचों की वनडे इंटरनेशनल सीरीज एजबस्टन (9 जुलाई), ओवल (12 जुलाई) और लॉर्ड्स (14 जुलाई) पर खेली जाएगी।

# विजडन ने चुनी भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज की कम्बाइंड प्लेइंग, भारतीय खिलाड़ियों को दी जगह




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** क्रिकेट की बाइबल कही जाने वाली मैगजीन विजडन ने भारत और इंग्लैंड के बीच खेली गई टेस्ट सीरीज में प्रदर्शन के आधार पर अपनी कम्बाइंड प्लेइंग इलेवन चुनी है। विजडन ने अपनी टीम में भारत के छह खिलाड़ियों को शामिल किया है, जबकि इंग्लिश टीम के पांच प्लेयर्स को जगह दी है। सीरीज के शुरुआत दो मैचों में रनों के लिए जूझते नजर आए चेतेश्वर पुजारा को भी टीम में रखा गया है। तेज गेंदबाज के तौर पर हालांकि भारत की तरफ से इन ग्यारह खिलाड़ियों में सिर्फ जसप्रीत बुमराह का नाम शामिल है। विजडन ने सलामी बल्लेबाज के तौर पर रोहित शर्मा और केएल राहुल की जोड़ी को चुना है। रोहित-राहुल ने टीम इंडिया को लगभग हर मैच में बेहतरीन शुरुआत दी थी और दोनों ने लॉर्ड्स के मैदान पर 126 रनों की लाजवाब पार्टनरशिप निभाई थी। तीन नंबर पर पुजारा अपनी जगह बचाने में सफल रहे हैं। पुजारा ने लीड्स टेस्ट की दूसरी पारी और ओवल के मैदान पर दो दमदार इनिंग खेली थी। चार नंबर विजडन ने अपनी टीम में इंग्लिश कप्तान जो रूट को रखा है। रूट ने इस सीरीज के चार मैचों में तीन शतक समेत 500 से ज्यादा रन कूटे थे। वहीं, भारतीय कप्तान विराट कोहली पांचवें नंबर पर टीम में मौजूद हैं।

विकेटकीपर के तौर पर विजडन ने ऋषभ पंत से ऊपर जॉनी बेयरस्टो को तरजीह दी है। ट्रेंट ब्रिज और फिर ओवल में अपने बल्ले और गेंद से धमाल मचाने वाले शार्दुल ठाकुर भी टीम में जगह बनाने में कामयाब रहे हैं। आठवें नंबर पर क्रिकेट की मशहूर पत्रिका ने क्रिस वोक्स को टीम में रखा है। सीरीज में 18 विकेट चटकाने वाले जसप्रीत बुमराह इस टीम में शामिल हैं, जबकि जेम्स एंडरसन और ओली रोबिन्सन की जोड़ी को विजडन ने टीम में जगह दी है। विजडन प्लेइंग घ्- रोहित शर्मा, केएल राहुल, चेतेश्वर पुजारा, जो रूट, विराट कोहली, जॉनी बेयरस्टो, शार्दुल ठाकुर, क्रिस वोक्स, जसप्रीत बुमराह, जेम्स एंडरसन, ओली रोबिन्सन।

# मैनचेस्टर टेस्ट रद्द होने के बाद बीसीसीआई ने अब ईसीबी के सामने रखा यह नया प्रस्ताव



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और इंग्लैंड के बीच मैनचेस्टर टेस्ट रद्द होने के बाद भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने ईसीबी के सामने अगले साल इस टेस्ट की जगह पर दो अतिरिक्त टी-20 मैच खेलने का ऑफर रखा है। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने इस बात की जानकारी दी है। भारत को अगले साल यानी 2022 में लिमिटेड ओवर सीरीज के लिए जुलाई में इंग्लैंड का दौरा करना है। इस टूर पर टीम इंडिया तीन वनडे और इतने ही टी-20 मैचों की सीरीज खेलने वाली है। टीम इंडिया ने जूनियर फिजियो योगेश परमार के कोरोना पॉजिटिव पाए जाने के बाद सीरीज के आखिरी टेस्ट में मैदान पर उतरने के इनकार कर दिया था। जिसके बाद दोनों बोर्ड को मुकाबला रद्द करना पड़ा था।

'क्रिकबज' के साथ बातचीत करते हुए जय शाह ने कहा, 'यह बात बिलकुल सही है कि हमने अपने जुलाई में अगले साल इंग्लैंड दौरे पर दो अतिरिक्त टी-20 मैच खेलने का ऑफर दिया है। तीन टी-20 की जगह पर हम पांच टी-20 मैच खेलेंगे, हम एकमात्र टेस्ट मैच भी खेलना चाहते हैं। हालांकि, यह उनके ऊपर निर्भर है कि वह किस चीज का चुनाव करते हैं।' पांचवें टेस्ट मैच रद्द होने की वजह से ईसीबी को करोड़ों का नुकसान उठाना पड़ा है और पांचवें टेस्ट के नतीजे को लेकर वह आईसीसी को लेटर भी लिख चुके हैं। बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली ने हालांकि साफ किया है कि अगर कैंसिल हुए टेस्ट मैच को रिशेड्यूल किया जाता है तो वह इसी पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का हिस्सा होगा। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने हालांकि इस बात की जानकारी होने से इनकार किया।

## आखिरी मैच में फ्लॉप रहे ब्रैंडन टेलर, लेकिन साथी खिलाड़ियों ने इस तरह बना दिया खास

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जिम्बाब्वे के दिग्गज बल्लेबाज और पूर्व कप्तान ब्रैंडन टेलर की आयरलैंड के खिलाफ तीसरे वनडे में 7 रनों की पारी खत्म होते ही उनके इंटरनेशनल करियर पर भी विराम लग गया। साल 2004 में इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू करने वाले टेलर ने अपने अब तक के करियर में 34 टेस्ट, 205 वनडे और 44 टी-20 मुकाबले खेले। टेलर बेशक अपने इंटरनेशनल करियर की आखिरी पारी में कुछ खास कमाल नहीं दिखा सके, लेकिन टीम के साथी खिलाड़ियों ने इस मैच को भी यादगार बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। टेलर जब बल्लेबाजी करने किए आए तो उनके साथी खिलाड़ियों ने साथ मिलकर उनको 'गार्ड ऑफ ऑनर' दिया। इसमें सभी खिलाड़ी एक लाइन में साथ खड़े होकर संन्यास लेने वाले खिलाड़ी के लिए तालियां बजाते हैं। टेलर के पास आयरलैंड के खिलाफ वनडे फॉर्मेट में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में हमवतन दिग्गज बल्लेबाज एंडी फ्लॉवर को पछाड़ने का मौका था, लेकिन वे ऐसा नहीं कर सके। वनडे में पहले ही 11 शतक उनके नाम हैं, जिसकी बदौलत वे वनडे में सर्वाधिक शतक लगाने वाले देश के टॉप खिलाड़ी हैं। 34 टेस्ट मैचों में 2320 रनों क साथ वे टेस्ट फॉर्मेट में जिम्बाब्वे के चौथे सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं, जबकि टी-20 क्रिकेट में वे सर्वाधिक रनों के लिहाज से हैमिल्टन मसाकादजा और सीन विलियम्स के बाद तीसरे स्थान पर हैं। उल्लेखनीय है कि टेलर 2015 आईसीसी वर्ल्ड कप में जिम्बाब्वे के टॉप रन-स्कोरर रहे थे। उनका इंग्लैंड के नॉटिंघमशायर काउंटी क्लब के साथ भी करार है। वे 2019 आईसीसी वर्ल्ड कप क्वालीफायर के लिए नेशनल टीम में लौटने से पहले तीन सीजन तक नॉटिंघमशायर के लिए खेले थे।

## गौतम गंभीर ने बताया, आईपीएल में कौन सा भारतीय बल्लेबाज ठोक सकता है 40 गेंदों में शतक




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल में यूं तो जमकर चौकों और छक्कों की बरसात होती है, लेकिन 20 ओवर के इस फॉर्मेट में शतक ठोकना कोई आसान काम नहीं है। हालांकि, कई बल्लेबाज इस मशहूर टी-20 लीग में संेचुरी लगा चुके हैं और इसमें कई भारतीय नाम भी शामिल रहे हैं। इंडियन प्रीमियर लीग के इतिहास में सबसे तेज शतक लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज यूसुफ पठान रहे हैं, जिन्होंने साल 2010 में महज 37 गेंदों में सैकड़ा पूरा किया था। इसी बीच, कोलकाता नाइट राइडर्स के पूर्व कप्तान गौतम गंभीर के मुताबिक, पंजाब किंग्स के कप्तान केएल राहुल आईपीएल में 40 गेंदों में शतक लगाने का कारनामा करने की दमखम रखते हैं। 'स्टार स्पोर्ट्स' के शो गेम प्लान पर बात करते हुए गंभीर ने कहा, 'अगर किसी बल्लेबाज के पास तेज स्ट्राइक रेट से खेलने की क्षमता नहीं है तो आप समझ सकते हैं कि उसको एंकर का रोल निभाना पड़ेगा, लेकिन केएल राहुल के पास काबिलियत है कि वह 40 गेंदों में शतक ठोक सकते हैं और आप क्यों नहीं चाहेंगे कि वह ऐसा करें।' राहुल ने आईपीएल 2020 में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ 62 गेंदों में सेंचुरी जड़ी थी और 132 रन बनाकर नाबाद रहे थे। राहुल आईपीएल 2021 में भी बेहतरीन लय में नजर आए थे और उन्होंने 7 मैचों में 136.21 के स्ट्राइक रेट से 331 रन जड़े थे।

# आरसीबी कप्तान विराट कोहली ने जताई उम्मीद, आईपीएल 2021 में होगा मजबूत बायो बबल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय कप्तान विराट कोहली ने कोविड-19 के कारण इंग्लैंड के खिलाफ मैनचेस्टर टेस्ट मैच के स्थगित होने को दुर्भाग्यशाली करार देते हुए उम्मीद जताई है कि इस अनिश्चित समय से निपटने के लिए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का जैव सुरक्षित माहौल (बायो-बबल) मजबूत होगा। टूर्नामेंट में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) की टीम का नेतृत्व करने वाले भारतीय कप्तान ने नेशनल टीम के सहयोगी फिजियो योगेश परमार के कोविड-19 संक्रमित होने के बाद कुछ अन्य खिलाड़ियों के साथ इंग्लैंड के खिलाफ ओल्ड ट्रैफर्ड मैदान में खेले जाने वाले पांचवें टेस्ट को खेलने से मना कर दिया था। कोहली ने आरसीबी के डिजिटल मीडिया मंच से कहा कि, 'यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि हमें यहां (टेस्ट रद्द होने से दुबई आने के संदर्भ में) जल्दी पहुंचना पड़ा, लेकिन कोरोना वायरस के कारण



चीजें बहुत अनिश्चित हैं।' उन्होंने कहा कि, 'ऐसी परिस्थिति है कि कुछ भी हो सकता है। उम्मीद है, हम एक अच्छा, मजबूत और सुरक्षित वातावरण बनाए रखने में सक्षम रहेंगे और यह शानदार आईपीएल होगा।' भारतीय कप्तान ने कहा कि, 'यह एक रोमांचक दौर होने जा रहा है। यह रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर में हमारे लिए और फिर टी-20 वर्ल्ड कप में भारतीय टीम के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।' बता दें कि कोविड-19 के कारण स्थगित हुए आईपीएल के दूसरे चरण का आगाज रविवार को होगा जबकि कोहली की टीम सोमवार को इस चरण का अपना पहला मुकाबला खेलेगी। टीम में इस बार श्रीलंका के लेग स्पिनर वानिंदु हसरंगा और सिंगापुर के बल्लेबाज टिम डेविड जैसे कुछ प्रतिभाशाली क्रिकेटर जुड़े है। कप्तान इन खिलाड़ियों के आने से खुश हैं।

# मैनचेस्टर टेस्ट पर ईसीबी से जुदा है बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली की राय, आईसीसी के सामने रखा यह प्रस्ताव

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और इंग्लैंड के बीच रद्द हुए मैनचेस्टर टेस्ट को लेकर बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली की राय ईसीबी से बिलकुल अलग है। गांगुली का कहना है कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड चाहता है कि रद्द हुआ टेस्ट मैच सीरीज का ही हिस्सा हो और इसको एकमात्र टेस्ट के तौर पर ना कराया जाए। गौरतलब है कि इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड के सीईओ हैरिसन ने कहा था कि कैंसिल हुआ टेस्ट मैच रिशेड्यूल होने पर सीरीज का पार्ट नहीं होगा। ईसीबी पांचवें टेस्ट को लेकर आईसीसी को लेटर भी लिख चुका है और उसने इस पर फैसले की मांग की है। टीम इंडिया के जूनियर फिजियो योगेश परमार के कोरोना पॉजिटिव पाए जाने के बाद भारतीय खिलाड़ियों ने पांचवें टेस्ट में मैदान पर उतरने से इनकार कर दिया था। जिसके बाद दोनों बोर्ड को आपसी सहमित के बाद टेस्ट को रद्द करना पड़ा था। गांगुली ने 'पीटीआई' से विशेष बातचीत में कहा, 'हम चाहते हैं कि सीरीज पूरी हो जाए क्योंकि यह हमारी (इंग्लैंड में) 2007 के बाद सीरीज में पहली जीत होगी। बीसीसीआई का मानना है कि टेस्ट क्रिकेट वास्तविक फॉर्मेट है और इससे किसी भी स्थिति में समझौता नहीं



किया जाएगा।' जब यह मैच रद्द किया गया तब भारत सीरीज में 2-1 से आगे चल रहा था। भारतीय टीम ने मुख्य कोच रवि शास्त्री सहित सहयोगी स्टाफ के सदस्यों के कोविड-19 के लिए पॉजिटिव पाए जाने के बाद खेलने से इंकार कर दिया था। यदि इस मैच को 'गंवा दिया की कैटेगरी में रखा जाता है तो इससे ईसीबी को चार करोड़ पौंड की इंश्योरेंश रकम मिल सकती है। उसने दावा किया है कि इससे उसे मैच रद्द किए जाने से होने वाले नुकसान की भरपाई करने में मदद मिलेगी।

गांगुली से यह पूछे जाने पर कि क्या बीसीसीआई ने अगले साल जुलाई में लिमिटेड ओवरों की सीरीज के दौरान टेस्ट के बदले में दो अतिरिक्त टी20 इंटरनेशनल मैच खेलने की पेशकश की है, उन्होंने कहा, 'हम अतिरिक्त वनडे और टी-20 इंटरनेशनल खेलने के लिये तैयार हैं और यह मुद्दा नहीं है। बस इतना है कि बाद में जो टेस्ट मैच खेला जाएगा वह सीरीज का पांचवां मैच होगा।' आईसीसी को यदि लगता है कि मैच का आयोजन कोविड-19 के कारण नहीं हो पाया तो फिर भारत आधिकारिक तौर पर 2-1 से सीरीज जीत जाएगा। इस तरह से मैच रद्द किए जाने को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के कोविड से जुड़े नियमों के अंतर्गत 'स्वीकार्य माना जाता है। गांगुली ने कहा, 'पिछले 18 महीनों में कोविड-19 के कारण सीरीज रद्द करने को प्राथमिकता दी गई। बीसीसीआई ने पिछले साल साउथ अफ्रीका के खिलाफ अपनी घरेलू सीरीज रद्द कर दी थी जिससे हमें चार से पांच करोड़ रुपये का नुकसान हुआ था।'

# इंग्लैंड पर बरसे सलमान बट, कहा- टीम को सीरीज 2-2 से बराबरी की नहीं बल्कि इंश्योरेंस के पैसों की है चिंता



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और इंग्लैंड के बीच मैनचेस्टर टेस्ट रद्द होने पर चल रहे घमासान के बीच पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर सलमान बट ने इंग्लैंड टीम को जमकर कोसा है। बट ने कहा कि उनको लगता है कि ईसीबी को ना ही वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में पॉइंट और ना ही सीरीज 2-2 से बराबर करने की चाहत है। बट के मुताबिक, इंग्लैंड को सिर्फ इंश्योरेंस के पैसों की फिक्र हैं और वह मैच को लेकर बात तक नहीं करना चाहता है। हाल ही में इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने आईसीसी को लेटर लिखकर पांचवें टेस्ट का नतीजा निकालने की अपील की है। वहीं, बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली ने साफ कर दिया है कि रिशेड्यूल होने वाला टेस्ट मुकाबला इसी सीरीज का हिस्सा होगा। अपने यूट्यूब चैनल पर बात करते हुए सलमान बट ने कहा, 'मुझे लगता है कि ईसीबी 40 मिलियन पाउण्ड की ज्यादा चिंता है। उनको सिर्फ इंश्योरेंस की रकम की फिक्र है और उन्होंने मैच की बात तक नहीं की है। ईसीबी ने आईसीसी ने बस यही कहा है कि अगर आईसीसी लिख देता है कि मैच भारत ने गंवा दिया तो उस स्थिति में उनके नुकसान की भरपाई इंश्योरेंस से हो जाएगी। वह ऐसा कुछ नहीं लिख रहे हैं कि भगवान के लिए प्लीज मैच खेल लीजिए, प्वॉइंट कापी महत्वपूर्ण हैं, हम सीरीज को गंवाना नहीं चाहते हैं और सीरीज में 2-2 की बराबरी चाहते हैं ऐसा उन्होंने कुछ भी नहीं लिखा है।'

हाल ही में मैनचेस्टर टेस्ट को लेकर मचे बवाल पर बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली ने अपनी राय रखी है। उन्होंने कहा, 'हम चाहते हैं कि सीरीज पूरी हो जाए क्योंकि यह हमारी (इंग्लैंड में) 2007 के बाद सीरीज में पहली जीत होगी। बीसीसीआई का मानना है कि टेस्ट क्रिकेट वास्तविक फॉर्मेट है और इससे किसी भी स्थिति में समझौता नहीं किया जाएगा।' ईसीबी के सीईओ ने टेस्ट रद्द होने के बाद कहा था कि रिशेड्यूल होने वाला टेस्ट मैच इस सीरीज का हिस्सा नहीं होगा और उसको एक अलग टेस्ट माना जाएगा।

# अफगान के साथ भारत की दोस्ती ऐतिहासिक, नहीं छोड़ेंगे साथ, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने किया वादा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अफगानिस्तान में गंभीर मानवीय संकट के बीच भारत ने सोमवार को कहा कि वह पहले की तरह ही अफगानों के साथ खड़ा रहेगा। भारत ने अफगानिस्तान को सहायता करने वाले देशों को निर्बाध पहुंच प्रदान किये जाने और समाज के सभी वर्गों को राहत सामग्री के बिना भेदभाव के वितरण की भी जरूरत बताई। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने यह भी कहा कि अफगानिस्तान एक अहम और चुनौतीपूर्ण दौर से गुजर रहा है और वहां बेहतर माहौल बनाने के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय को एक साथ आना चाहिए।



अफगानिस्तान में मानवीय हालात पर संयुक्त राष्ट्र की उच्चस्तरीय बैठक में डिजिटल तरीके से अपने संक्षिप्त संबोधन में विदेश मंत्री ने गरीबी के बढ़ते स्तर के खतरे पर भी जोर दिया। कहा कि इसका क्षेत्रीय स्थिरता के लिए विनाशकारी असर हो सकता है। उन्होंने कहा कि भारत ने अफगानिस्तान के भविष्य में संयुक्त राष्ट्र की केंद्रीय भूमिका का लगातार समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान के प्रति भारत का दृष्टिकोण हमेशा इसके लोगों के साथ हमारी ऐतिहासिक मित्रता द्वारा निर्देशित होता रहा है, आगे भी ऐसा ही रहेगा। विदेश मंत्री ने कहा कि अफगानिस्तान में राहत सामग्री पहुंच जाएगी तो दुनिया अफगान समाज के सभी वर्गों में मानवीय सहायता के भेदभाव रहित वितरण की स्वाभाविक रूप से अपेक्षा रखेगी। उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान के राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक और सुरक्षा हालात में व्यापक बदलाव और इसके परिणाम स्वरूप मानवीय जरूरतों में भी परिवर्तन देखा गया है। विदेश मंत्री ने कहा कि अफगानिस्तान के करीबी पड़ोसी के रूप में वहां के घटनाक्रम पर भारत नजर रख रहा है। उन्होंने कहा कि यात्रा और सुरक्षित आवाजाही का मुद्दा मानवीय सहायता में अवरोध बन सकता है जिसे तत्काल सुलझाया जाना चाहिए।

## दो दशक पुरानी शादी को सुप्रीम कोर्ट ने किया खत्म, कहा- लगता है टेक ऑफ के समय में ही क्रैश लैंडिंग हुई थी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को करीब दो दशक पुराने उस विवाह को समाप्त कर दिया, जिसमें यह जोड़ा एक दिन भी साथ नहीं रहा था। अदालत ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि वैवाहिक जीवन की शुरुआत से ही यह रिश्ता समाप्त हो गया था। मामले पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ऐसा लगता है कि टेक ऑफ के चरण में ही क्रैश लैंडिंग हुई थी। सुप्रीम कोर्ट ने न केवल संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत अपनी पूर्ण शक्तियों का प्रयोग करते हुए विवाह को समाप्त करने के लिए तलाक को मंजूरी दी बल्कि न्यायिक कार्यवाही के लंबित रहने के दौरान हिंदू विवाह अधिनियम के प्रावधान के तहत महिला के आचरण की क्रूरता के कारण भी तलाक को मंजूरी दी।



जस्टिस संजय किशन कौल और न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय की पीठ ने कहा कि फरवरी 2002 में जोड़े का विवाह हुआ था और दोनों पक्षों के बीच मध्यस्थता या किसी भी अन्य स्वीकार्य तरीके से समाधान खोजने के प्रयास सफल नहीं हुए। पीठ ने पुरुष द्वारा दायर याचिका पर फैसला सुनाते हुए आदेश पारित किया। सहायक प्रोफेसर के रूप में काम करने वाले याचिकाकर्ता ने शीर्ष अदालत को बताया था कि महिला का विचार था कि उसे उसकी सहमति के बिना याचिकाकर्ता से शादी करने के लिए मजबूर किया गया था और वह देर रात ही विवाह स्थल से चली गई थी। पीठ ने महिला के आचरण पर ध्यान दिया, जिसने याचिकाकर्ता के खिलाफ अदालतों में कई मामले दायर किए थे और कॉलेज के अधिकारियों को भी उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू करने की मांग की थी। पीठ ने कहा कि इस तरह के निरंतर आचरण को क्रूरता के समान समझा जाएगा।

## यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ पर बिहार में याचिका दायर

**मुजफ्फरपुर (एजेंसी)।** बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के अहियापुर निवासी तमन्ना हाशमी ने उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ पर एक समुदाय के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने का आरोप लगाते हुए सोमवार को सीजेएम कोर्ट में परिवाद दर्ज कराया है। कोर्ट ने मामले पर सुनवाई के लिए 21 सितंबर की तिथि निर्धारित किया है। तमन्ना हासमी का आरोप है कि बयान से समुदाय के लोग अपमानित महसूस कर रहे हैं। याचिका में यह आरोप लगाया है कि उत्तर प्रदेश की पूर्ववर्ती सरकारों की तुलना करते हुए सीएम योगी ने एक जाति



विशेष को टारगेट करते हुए कहा कि पूर्व की सरकार में अब्बा जान कहने वाले लोग गरीबों का राशन हजम कर लेते थे, लेकिन अब उनके राज्य में यह बंद हो गया है। इसी को लेकर तमन्ना हाशमी ने परिवाद दायर किया है। उनका कहना है कि सूबे के एक बड़े संवैधानिक पद पर बैठे सीएम का यह बयान देश को तोड़ने वाला है।

### एससीओ बैठक में भी बेनकाब होगा पाकिस्तान

# भारत सहित कई देश तालिबानी सरकार के पक्ष में नहीं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कई महत्वपूर्ण सम्मेलनों के बाद अब एससीओ शिखर सम्मेलन में अफगानिस्तान के मुद्दा काफी महत्वपूर्ण रहेगा। शिखर सम्मेलन 16 से 17 सितंबर तक ताजिकिस्तान की राजधानी दुशांबे में वर्चुअल माध्यम से होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी इसमे शामिल होंगे। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग भी वर्चुअली मौजूद रहेंगे। पाकिस्तानी पीएम इमरान खान, रूसी राष्ट्रपति पुतिन और अन्य मध्य एशियाई देशो की भी मौजूदगी होगी। सूत्रों के मुताबिक, सबसे महत्वपूर्ण ये देखना होगा कि एससीओ में पर्यवेक्षक राष्ट्र का दर्जा प्राप्त अफगानिस्तान का बैठक में कोई प्रतिनिधि होता है या नहीं। सूत्रों ने कहा कि भारत सहित कई देश तालिबान शासन की मौजूदगी इस फोरम पर नहीं चाहते। क्योंकि यह एक तरह से उन्हें मान्यता देने जैसा होगा। हालांकि चीन का रुख अभी साफ नही है। ताजिकिस्तान इस समय समूह का अध्यक्ष है। समूह में आठ सदस्य देश हैं रूस, चीन, भारत, पाकिस्तान और चार मध्य एशियाई देश, ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान। मंगोलिया, बेलारूस, अफगानिस्तान और ईरान समूह में पर्यवेक्षक राष्ट्र के रूप में हैं। जबकि आर्मेनिया, अजरबैजान, तुर्की, कंबोडिया, नेपाल और श्रीलंका को संवाद भागीदार का दर्जा प्राप्त है।



बैठक का महत्व इसलिए है क्योंकि यह अफगानिस्तान संकट की पृष्ठभूमि में हो रहा है। इसके पहले ब्रिक्स,यूएन व कई द्विपक्षीय व बहुपक्षीय फोरम पर अफगानिस्तान का मुद्दा छाया रहा है। भारत इस समय सभी अंतरराष्ट्रीय मंचो पर आतंकवाद की नई परिस्थिति को लेकर अपनी चिंता जाहिर कर रहा है। एससीओ में भी ये मुद्दा जोर शोर से उठना तय है। पिछले दो महीनों में दुशांबे में एससीओ विदेश, रक्षा और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों की कई बैठकें हुई हैं।एससीओ बैठक में संगठन की अंतर्राष्ट्रीय स्थिति को मजबूत करने और कोविड महामारी के बीच व्यापार के सकारात्मक माहौल का निर्माण करना व आर्थिक सहयोग का विस्तार जैसे एजेंडे पर भी चर्चा होगी। सूत्रों ने कहा, यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या कोई अफगान भागीदारी होगी, क्योंकि अफगानिस्तान समूह का एक पर्यवेक्षक सदस्य देश है। यदि काबुल में शासन परिवर्तन नहीं हुआ होता, तो अशरफ गनी बैठक में प्रतिनिधित्व करते। सूत्रों के मुताबिक, गनी ने अपनी उपस्थिति की पुष्टि की थी, लेकिन सत्ता परिवर्तन के बाद स्थितियां बदल गई हैं। तालिबान को लेकर दुनिया के विभिन्न देशों और एससीओ में भी गंभीर मतभेद हैं। अभी शासन की वैधता भी अंतरराष्ट्रीय पैमाने पर तय होना बाकी है। उधर, तालिबान का मुखर समर्थन करने की वजह से तजाकिस्तान में स्थानीय लोग एससीओ बैठक में इमरान खान की मौजूदगी का विरोध कर रहे हैं। पंजशीर में पाकिस्तान के दखल से तजाकिस्तान के लोग नाराज हैं। सूत्रों ने कहा बैठक में भारत भी पाकिस्तान द्वारा आतंक को दी जा रही शह को बेनकाब कर सकता है। एक समूह के रूप में एससीओ यूरेशियन महाद्वीप के 60 प्रतिशत हिस्से का प्रतिनिधित्व करता है, जो कि 34 मिलियन वर्ग किलोमीटर से अधिक है, जिस पर तीन अरब लोग, यानी दुनिया की आबादी का लगभग आधा हिस्सा है।

# भारत में 75 करोड़ से अधिक लोगों की दी जा चुकी है कोरोना वैक्सीन की खुराक, डब्लूएचओ ने भी सराहा

नई दिल्ली **(एजेंसी)।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि भारत का ण्ध्व्३-19 टीकाकरण कवरेज सोमवार को 75 करोड़ को पार कर गया। इसके साथ ही एक मील का पत्थर हासिल किया गया है। भारत की इस कामयाबी पर विश्व स्वास्थ्य संगठन (ष्ध्) ने भी बधाई दी है। आपको बता दें कि सोमवार शाम साढ़े पांच बजे तक भारत में 75,10,41,391 वैक्सीन खुराकें दी जा चुकी हैं, जिनमें से 67,04,768 वैक्सीन खुराक आज दी गईं।

डब्ल्यूएचओ के दक्षिणपूर्व एशिया कार्यालय ने भी कोविड रोधी टीकाकरण अभियान में तेजी लाने और 75 करोड़ का आंकड़ा हासिल करने के लिए भारत की सराहना की है। डब्ल्यूएचओ की दक्षिणपूर्व एशिया की क्षेत्रीय निदेशक पूनम खेत्रपाल ने एक बयान में कहा कि भारत को पहली 10 करोड़ खुराके लगाने में 85 दिन लगे थे लेकिन 65 करोड़ से 75 करोड़ पहुंचने में महज़ 13 दिन लगे। कोविन पोर्टल पर अस्थायी आंकड़ों के अनुसार, सोमवार शाम सात बजे तक देश में 71 लाख से अधिक खुराकें लगाई गई हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि देर रात तक जब अंतिम रिपोर्ट आएगी तो इस संख्या में बढ़ोतरी हो सकती है। शाम सात बजे तक के अस्थायी आंकड़ों के मुताबिक, देश में 57 करोड़ से अधिक लोगों



को टीके की पहली खुराक लगा दी गई है जबकि 18 करोड़ से ज्यादा लोगों को दोनों खुराकें दी जा चुकी हैं। देश में 99 फीसदी स्वास्थ्य कर्मियों और अग्रिम पंक्ति के कर्मियों को कोविड रोधी टीके की कम से कम एक खुराक लगाई जा चुकी है।मांडविया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 'सबका साथ, सबका प्रयास के मंत्र के साथ देश का टीकाकरण अभियान नए आयाम हासिल कर रहा है।उन्होंने ट्वीट किया, ङ्क बधाई भारत। आज़ादी के 75वें वर्ष में देश ने 75 करोड़ टीकाकरण के आंकड़े को पार कर लिया है।ङ्ग उन्होंने साथ में हैशटैग 'सबको वैक्सीन मुफ्त वैक्सीन और हैशटैग 'आज़ादी का अमृत महोत्सव का इस्तेमाल किया है। अब तक, छह राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों - सिक्किम, हिमाचल प्रदेश, गोवा, दादरा और नगर हवेली, लद्दाख व लक्षद्वीप में सभी वयस्क लोगों को टीके की कम से कम एक खुराक लगा दी गई है।मांडविया ने कहा कि भारत को 10 करोड़ टीकाकरण का आंकड़ा छूने में 85 दिन लगे थे जबकि 20 करोड़ का आंकड़ा छूने में 45 और दिन तथा 30 करोड़ का आंकड़ा छूने में 29 और दिन लगे। देश को 30 करोड़ खुराक से 40 करोड़ तक पहुंचने में 24 दिन लगे तथा फिर छह अगस्त को 50 करोड़ टीकाकरण का आंकड़ा पार करने में 20 दिन और लगे। देश ने 60 करोड़ का आंकड़ा पार में 19 दिन और लिए तथा 60 करोड़ से 70 करोड़ तक पहुंचने में महज़ 13 दिन लगे जो सात सितंबर को हुआ था। कुल मिलाकर सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में 18-44 वर्ष आयु समूह में 30 करोड़ से अधिक लोग टीके की पहली खुराक लगवा चुके हैं जबकि 4.5 करोड़ से ज्यादा लोग दोनों खुराकें लगवा चुके हैं।

## हरियाणाः 84 दिन से पहले भी ले सकेंगे कोविशील्ड टीके की दूसरी डोज, रहेगी शर्त

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** हरियाणा सरकार ने कोरोना वायरस वैक्सीनेशन के लिए जरूरी शर्तों में बदलाव किया है। हरियाणा सरकार ने सोमवार को तत्काल विदेश यात्रा करने वाले लोगों के लिए अनिवार्य 84 दिनों से पहले कोविशील्ड की दूसरी खुराक देने की अनुमति दे दी है। जिसके बाद अब जरूरत पड़ने पर लोग 4 सप्ताह के बाद भी कोवीशिल्ड वैक्सीन की दूसरी खुराक ले सकते हैं। हरियाणा सरकार ने सोमवार को कहा कि यह छूट उन लोगों जिन्हें चिकित्सा उपचार जैसे तत्काल कारणों से विदेश जाने की आवश्यकता होगी। या फिर वे विदेशी नागरिक जिन्हें जो अपने देश लौटना चाहते हैं वो 84 दिन से कम समय भी कोविशील्ड की दूसरी खुराक ले सकते हैं। हरियाणा सरकार की ओर से जारी यह आदेश 23 अगस्त को केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा जारी निर्देशों के अनुरूप है। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा कि सरकार ने सभी सिविल सर्जनों को छूट की सूचना दी है। उन्होंने कहा कि संबंधित व्यक्ति को यात्रा से संबंधित दस्तावेज की एक कॉपी जैसे कि वीजा या कन्फर्म टिकट या फिर किसी और अन्य मान्य दस्तावेज दिखाने के बाद टीके की खुराक दी जा सकता है। ये वो दस्तावेज होने चाहिए जो इमरजेंसी में यात्रा करने की बात को सही ठहराते हों। इससे पहले, जून में, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने केवल उन लोगों को छूट दी थी, जिन्हें किसी काम, शिक्षा और ओलंपिक में भाग लेने के लिए विदेश यात्रा करने की आवश्यकता थी।



हरियाणा में रविवार को कोविड-19 के पांच नए मामले सामने आए थे, जिसके साथ राज्य में कुल संक्रमितों की संख्या बढ़कर 7,70,645 हो गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी दैनिक बुलेटिन के मुताबिक राज्य में महामारी से मरने वालों की कुल संख्या 9,686 है। नए मामलों में तीन गुरुग्राम से हैं, जबकि एक-एक मामला करनाल और यमुनानगर जिले से रहे। वहीं, 19 जिलों में कोविड-19 का एक भी नया मामला सामने नहीं आया। बुलेटिन के अनुसार राज्य में इस समय 148 मरीज उपचाराधीन हैं जबकि 7,60,467 मरीज अबतक संक्रमण मुक्त हो गए हैं। राज्य में कोविड-19 मरीजों के ठीक होने की दर 98.68 प्रतिशत है।

# मॉडल से पतला होने को कहा गया..हो गई कुपोषण का शिकार, खुद किया खुलासा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया की रहने वाली एक मॉडल ने बड़ा ही चौंकाने वाला खुलासा किया है। 29 साल की ब्रिडगेट मैलकॉम ने बताया कि वह जिस कंपनी के लिए काम कर रही थीं उसने पतला होने के लिए एक बार इतना दबाव बनाया कि वह कुपोषण का शिकार हो गईं। इसका एहसास मॉडल को तब हुआ जब वो सीढ़ियां नहीं चढ़ पाईं और गिरते-गिरते बचीं। इतना ही नहीं मॉडल ने और भी कई सनसनीखेज खुलासे किए हैं। दरअसल, ब्रिडगेट मैलकॉम ऑस्ट्रेलिया की मॉडल हैं। 'डेली मेल' की एक रिपोर्ट के मुताबिक, ब्रिडगेट कुछ समय पहले तक एक फेमस लेडीज अंडरगार्मेंट्स कंपनी के लिए काम करती थीं। हाल ही में ब्रिडगेट ने कंपनी से जुड़े ऐसे राज से पर्दा उठाया है जिसे सुनकर लोग हैरान



हो गए और काफी कुछ सोचने पर मजबूर हो गए। रिपोर्ट के मुताबिक ब्रिडगेट ने बताया कि यह बात 2015-16 की है। कंपनी उनके साथ-साथ दूसरी मॉडल्स पर भी पतले रहने का दबाव बनाती थी। कई बार ऐसा होता था कि ब्रिडगेट के साथ-साथ अन्य मॉडल भी कंपनी का फरमान सुनकर परेशान हो जाती थीं। कंपनी चाहती थी कि उनकी मॉडल दुबली पतली रहें जिससे विज्ञापन के समय अच्छा लुक दिखे। अपनी आपबीती बताते हुए ब्रिडगेट मैलकॉम ने बताया कि वह एक बार इतनी कमजोर हो चुकी थी कि फ्लाइट पर चढ़ने के लिए सीढ़ियां चढ़ रही थीं, उन सीढ़ियों को चढ़ने में 10 मिनट लग गया। आखिरकार वो सीढ़ियां चढ़ गईं और बहुत देर तक सोचती रहीं कि ऐसा कैसे हुआ। जब उन्हें एहसास हुआ कि वो वाकई में बहुत कमजोर हो चुकी हैं तब वो निराश हो गईं। इंटरव्यू में ब्रिडगेट ने यह भी बताया कि उन्हें पैनिक अटैक होने लगे थे, और वो एंटी एंग्जाईटी की दवाएं भी खाने लगी थीं। वो हमेशा ही खुद को थका हुआ महसूस करती थीं। ना खाने की वजह से उनको ईटिंग डिसऑर्डर हो गया। फिलहाल ब्रिडगेट मैलकॉम अब वो कंपनी छोड़ चुकी हैं। ब्रिडगेट अब मेंटल हेल्थ एडवोकेट बन चुकी हैं और लोगों को डिप्रेशन से उभरने में मदद करती हैं। बता दें कि फैशन इंडस्ट्री से कई ऐसे मामले सामने आते रहते हैं जिसे सुनकर लोग हैरान रह जाते हैं।

## तालिबान को हर मोर्चे पर मदद कर रहा है पाकिस्तान, पंजशीर में डेरा डाले हुए हैं आईएसआई प्रमुख

**तेहरान (एजेंसी)।** ईरान के वरिष्ठ सांसद एवं अफगानिस्तान में देश के पूर्व राजदूत फदा हुसैन मालेकी ने कहा कि पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी इंटर-सर्विसिस इंटेलिजेंस (आईएसआई) के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल फैज हमीद वर्तमान में पंजशीर प्रांत में हैं। वह काबुल में तालिबान कैबिनेट के गठन में भी शामिल हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मालेकी ने सुझाव दिया कि ईरान के विदेश मंत्रालय को पाकिस्तान के साथ बातचीत करनी चाहिए और अफगान समस्या के समाधान के लिए रूस, चीन, ईरान और पाकिस्तान के बीच बैठक होनी चाहिए।

वह ईरान की राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति समिति के भी सदस्य हैं। मालेकी ने यह भी कहा कि पाकिस्तान आईएसआई प्रमुख पंजशीर में मौजूद हैं और तालिबान कैबिनेट के गठन में शामिल हैं। उन्होंने कहा कि हमें पाकिस्तान के हस्तक्षेप करने और अफगानिस्तान



में अमेरिकी स्थिति बनाए रखने की अनुमति नहीं देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ईरान सभी जातीय और धार्मिक समूहों की भागीदारी के साथ अफगानिस्तान में एक समावेशी सरकार की मांग कर रहा है। मालेकी ने कहा कि विदेश मंत्री का मानना है कि अफगानिस्तान में एक समावेशी सरकार का गठन किया जाना चाहिए ताकि सभी जातीय समूह सरकार में अपनी भूमिका निभा सकें। उल्लेखनीय है कि काबुल में तालिबान ने कब्जे के बाद अफगानिस्तान में अपनी कार्यवाहक सरकार बनाई है। गौरतलब है कि पाकिस्तान के आईएसआई प्रमुख हमीद जाहिर तौर पर तालिबान नेतृत्व से मिलने के लिए पिछले सप्ताह काबुल गए थे। उत्तर पूर्व अफगानिस्तान के पंजशीर में प्रतिरोध बलों ने हालांकि आरोप लगाया कि वह अहमद मसूद के नेतृत्व में प्रतिरोध बलों पर तालिबान की जीत की निगरानी के लिए काबुल में थे।


**अंखड भारत संदेश** के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिंग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

**मुद्रक/प्रकाशक**

स्वामी श्री योगी सत्यम पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं. UPHIN 2001/9025